* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 180

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

मां कामाख्या कॉरिडोर की पहली झलक: सीएम हिमंता ने डिजिटल ब्लू प्रिंट जारी की। पीएम मोदी ने कहा था कि काशी और महाकाल जैसा बनेगा कॉरिडोर।









**नाराजगी : नयी नियोजन नीति के विरोध में सड़कों पर उतरे छात्र**

# झारखंड बंद का रहा मिला-जुला असर

- छात्रों ने कहीं जलाया टायर, तो कहीं जबरन कराया बंद, मोरहाबादी में पुलिस ने लाठी चार्ज किया
- 199 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, लंबी दूरी की बसें हुईं प्रभावित, अधिकांश स्कूल रहे बंद

आजाद सिपाही टीम

**रांची।** छात्र संगठनों द्वारा बुधवार को बुलाये गये झारखंड बंद का राज्य भर में मिला-जुला असर रहा। राजधानी के शहरी क्षेत्र में बंद का असर कम दिखा, लेकिन शहर के बाहर निकलने वाले रास्ते अस्त-व्यस्त रहे। छात्रों ने विभिन्न जगहों पर टायर जलाकर आवागमन को बाधित किया। लंबी दूरी की बसें नहीं चलीं। शहरों में कुछ जगहों पर छात्रों ने जबरन दुकान बंद कराने की कोशिश की। इसी क्रम में रांची के मोरहाबादी इलाके में जबरन दुकान बंद कराने और बैरिकेडिंग तोड़ने पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया। उधर, पुलिस-प्रशासन ने बंद से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी थी। पूरे राज्य में पुलिस ने 199 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि छात्र नयी नियोजन नीति का विरोध कर रहे हैं। झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन ने बुधवार को झारखंड बंद बुलाया था, जिसका कई छात्र संगठनों समेत अन्य संगठनों ने समर्थन किया था। छात्र '60-40 नय चलतो' के नारे के साथ सड़कों पर उतरे थे।



### सुबह से ही छात्र सड़कों पर उतरे:

राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में सुबह से छात्र सड़कों पर उतरे। रांची के ग्रामीण इलाको में बंद का मिला-जुला असर दिखा।

बंद समर्थकों ने रातू में सड़क जाम करने का प्रयास किया, लेकिन मौजूद पुलिस कर्मियों सड़क जाम को हटा दिया। रांची शहर के हर चौक-चौराहे पर जवानों की तैनाती की गयी थी। मोरहाबादी में छात्रों ने जबरन सब्जी दुकानों को बंद कराने की कोशिश की। यहां लगाये गये बैरिकेडिंग को तोड़ने का प्रयास किया, जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठी चार्ज कर उन्हें रोका। कई छात्र नेताओं को हिरासत में लिया गया।

### विदेशी मेहमानों से लगवाया नारा, वीडियो हुआ वायरल

दुमका (आजाद सिपाही)। दुमका के शिकारीपाड़ा में झारखंड बंद का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें बंद के समर्थन में विदेशी मेहमान '60/40 नय चलतो' का नारा लगा रहे हैं। वीडियो में देखने को मिल रहा है कि आंदोलनरत छात्रों ने पहले विदेशी मेहमानों नारा सिखा रहे हैं। इसके बाद वे मेहमान भी छात्रों के साथ नारा लगा रहे हैं।

### लाठी-डंडा लेकर सड़कों पर दिखे छात्र:

चाइबासा में छात्र लाठी-डंडे से लैस होकर सड़कों पर उतरे। लंबी दूरी की बसें बंद रहीं। बाजार बंद रहा। शहर के अंदर प्रवेश करने वाली विभिन्न चौक चौराहों पर टायर जलाकर एवं भारी वाहनों को आड़े-तिरछे लगाकर आवागमन को ठप कर दिया। सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल बाजार के सड़कों पर उतकर छात्रों ने दुकानें बंद करायीं। चौका थाना क्षेत्र के चौका-कांड्रा सड़क मार्ग स्थित बानसा में लोगों ने सड़क मार्ग बंद कराया। जमशेदपुर में आदित्यपुर-गम्हरिया इलाके में बंद का सबसे ज्यादा असर दिखा। श्रीडुंगरी स्थित टोल ब्रिज मोड़ के पास सड़क पर टायर जलाकर आवागमन बाधित कर दिया गया। कांड्रा मुख्यमार्ग जाम कर भी आवागमन बाधित किया गया। रामगढ़ जिले में भी छात्रों ने हाइवे पर टायर जलाकर आवागमन को बाधित किया। दुमका में भी झारखंड बंद का असर देखने को मिला। इसी तरह साहिबगंज, गोड्डा, देवघर धनबाद, बोकारो समेत अन्य जिलों में बंद का मिला-जुला असर रहा।

### 199 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया:

पुलिस ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों से 199 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इसमें सबसे अधिक रांची में 82 प्रदर्शनकारी हिरासत में लिये गये। वहीं, जमशेदपुर में 41, चाइबासा में 19, धनबाद में 9 और पाकुड़ में 48 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

# राज्यपाल ने लौटाया पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण वाला बिल

- अटॉर्नी जनरल से कानूनी राय लेने के बाद उठाया कदम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा से पारित पदों और सेवाओं में रिक्तियों में झारखंड आरक्षण (संसोधन) अधिनियम-2022 को वापस लौटा दिया। यह विधेयक पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण देने से संबंधित है। जानकारी के मुताबिक राज्यपाल ने सरकार को कानून की समीक्षा करने का सुझाव दिया है। इस बिल के अंतर्गत झारखंड में ओबीसी आरक्षण की सीमा 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी की गयी थी। एसटी आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28 फीसदी कर दिया गया था। एससी के लिए इसमें 10 फीसदी के मुकाबले 12 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। वहीं इडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए भी 10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। इस प्रकार, इस बिल के जरिए राज्य की सरकारी नौकरियों में कुल आरक्षण 77 फीसदी कर दिया गया था।

सूत्रों के मुताबिक अटॉर्नी जनरल से मांगी गयी कानूनी राय के आधार पर ही राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ओबीसी आरक्षण बिल को वापस लौटाया है। पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने इसे कानूनी राय के लिए अटॉर्नी जनरल के पास भेजा था। अटॉर्नी जनरल की राय थी कि यह बिल आरक्षण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के मुताबिक नहीं है।

गौरतलब है कि हेमंत सरकार ने 11 नवंबर 2022 को एक दिवसीय विस्तारित सत्र में ओबीसी आरक्षण विधेयक के साथ-साथ स्थानीयता से संबंधित बिल 'स्थानीय व्यक्तियों की परिभषा और स्थानीय व्यक्तियों के परिणामी, सामाजिक-सांस्कृति और अन्य लाभों का विस्तार के लिए विधेयक-2022' पारित किया था। इस बिल को जनवरी में ही तत्कालीन राज्यपाल रमेश बैस ने लौटा दिया था। अब आरक्षण संबंधित 'झारखंड विधानसभा से पारित पदों और सेवाओं में रिक्तियों में झारखंड आरक्षण (संशोधन) अधिनियम-2022' बिल को भी लौटा दिया गया है।

# एपल सीइओ टिम कुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

**नयी दिल्ली।** आइफोन निर्माता एपल के सीइओ टिम कुक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। टिम कुक ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि गर्मजोशी से स्वागत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद। हम भारत भर में बढ़ने और निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एपल सीइओ टिम कुक ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद ट्विटर पर खुशी जाहिर की है। टिम ने अपने ट्वीट में प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और एक फोटो भी शेयर किया है।

**इडी की कार्रवाई : अवैध रूप से 125 करोड़ की संपत्ति अर्जित करने का आरोप**

# निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ की संपत्ति जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की संपत्ति जब्त की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इडी ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह संपत्ति वीरेंद्र कुमार राम और उनके परिवार के सदस्यों की है। जब्त संपत्तियों फार्म हाउस, फ्लैट, डुप्लेक्स बंगला, दिल्ली, जमशेदपुर और रांची में जमीन और करीब 36 लाख रुपये के सामूहिक बैलेंस वाले तीन बैंक खाते शामिल हैं।

गौरतलब है कि वीरेंद्र राम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 125 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। इसका खुलासा पिछले महीने वीरेंद्र राम के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान हुआ था। छापेमारी में पता चला था कि उन्होंने टेंडर कमीशन घोटाले में अकूत संपत्ति बनायी है। इडी की ओर से बताया गया कि एसीबी जमशेदपुर द्वारा दर्ज एफआइआर के आधार पर मनी लांड्रिग की जांच शुरू की गयी थी। जांच में पता चला कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को टेंडर आवंटित करने के एवज में उनसे कमीशन के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी। इस आधार पर इडी ने पिछले महीने वीरेंद्र राम के 30 ठिकानों पर छापा मारा था।

### सेना जमीन घोटाला : गिरफ्तार सात आरोपियों की रिमांड अवधि बढ़ी

रांची (आजाद सिपाही)। सेना जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार सभी सात आरोपियों से इडी और पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। चार दिनों की रिमांड की अवधि पूरी होने पर सभी सात आरोपियों को बुधवार को इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। इडी ने कोर्ट से दोबारा रिमांड की मांग की। कोर्ट ने सभी सातों आरोपियों को पांच दिन रिमांड की स्वीकृति दे दी। गौरतलब है कि सेना जमीन घोटाला मामले में इडी ने पिछले दिनों झारखंड, बिहार और बंगाल के करीब 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी अभियान के बाद इडी ने बड़गाईं के अंचल कर्मी समेत समेत कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में इडी ने रांची के तत्कालीन उपायुक्त और वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के निदेशक छवि रंजन को समन भेज कर 21 अप्रैल को पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा है।

### मनी लांड्रिंग केस: राजीव कुमार और अमित अग्रवाल पर आरोप गठन 27 को

रांची (आजाद सिपाही)। मनी लांड्रिंग मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल के आरोप गठन पर 27 अप्रैल को इडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सुनवाई होगी। मामले में बुधवार को अधिवक्ता राजीव कुमार अदालत में हाजिर हुए, लेकिन किसी कारण से अमित अग्रवाल हाजिर नहीं हो सके। इसके बाद अदालत ने आरोप गठन की अगली सुनवाई की तिथि 27 अप्रैल निर्धारित की। गौरतलब है कि कोलकाता पुलिस ने बीते 31 जुलाई को लगभग 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। बाद में उनके खिलाफ इडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया था। इडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार और अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

**भारत की जनसंख्या 142 करोड़ के पार, चीन के मुकाबले 30 लाख ज्यादा**

# भारत दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बना

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत दुनिया में अब सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) की रिपोर्ट में सामने आया है कि भारत में अब चीन के मुकाबले करीब 30 लाख ज्यादा लोग हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत की जनसंख्या 142 करोड़ 86 लाख है। वहीं चीन की जनसंख्या 142 करोड़ 57 लाख ही है। साल की शुरुआत में ही ग्लोबल एक्सपर्ट्स ने अनुमान लगाया था कि 2023 में भारत सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन जायेगा। यूएनएफपीए के नये आंकड़ों ने इस पर मुहर भी लगा दी है। रिपोर्ट के अनुसार एक साल में भारत की जनसंख्या 1.56 फीसदी बढ़ी है।

### 1950 के बाद पहली बार चीन से ज्यादा:


रिपोर्ट में नये आंकड़े 'डेमोग्राफिक इंडिकेटर्स' की कैटेगरी में दिये गये हैं। यूएन 1950 से दुनिया में आबादी से जुड़ा डेटा जारी कर रहा है। तब से ये पहला मौका है, जब भारत ने जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ा है। पिछले साल जारी एक रिपोर्ट में सामने आया था कि पिछले छह दशकों में पहली बार चीन की जनसंख्या में गिरावट दर्ज की गयी है। चीन में बच्चे पैदा करने की दर भी कम हुई है और वह इस साल माइनस में दर्ज की गयी।

### चीन में भारत से ज्यादा जी रहे लोग:

चीन में जीवन की औसत उम्र भारत से बेहतर है। यहां पुरुषों की औसत उम्र 76 साल और महिलाओं की औसत उम्र 82 साल है। वहीं भारत में पुरुषों की औसत उम्र 74 साल और महिलाओं की औसत उम्र सिर्फ 71 साल है। यूएनएफपीए के इंडिया के प्रतिनिधि ने कहा कि अब दुनिया की आबादी आठ अरब हो गयी है। हम भारत के 1.4 अरब लोगों को 1.4 मौकों के रूप में देखेंगे। उन्होंने कहा कि भारत एक शक्तिशाली देश है। शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आर्थिक विकास के मामले में यह लगातार आगे बढ़ रहा है। हम तकनीकी मामले में हर रोज नये-नये रिकॉर्ड्स बना रहे हैं।

### भारत में युवाओं की तादाद सबसे ज्यादा:

भारत में 25 फीसदी लोग 14 साल तक की उम्र वाले हैं। वहीं 10-19 साल तक के 18 फीसदी लोग हैं। 10-24 साल तक के लोगों की तादाद 26 फीसदी है, तो 15-64 साल के बीच लगभग 68 फीसदी लोग हैं। यानी भारत में युवाओं की सबसे ज्यादा तादाद है, लेकिन चीन में ऐसा नहीं है। वहां बूढ़े लोगों की तादाद सबसे ज्यादा है। चीन में 20 करोड़ लोग तो 65 साल से ज्यादा उम्र के हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 77,000 रु./प्रति किलो |



## जातीय राजनीति पर उतरी भाजपा-कांग्रेस, जेडीएस भी पीछे नहीं

# हर दिन बदल रहा है कर्नाटक का चुनावी परिदृश्य

**कर्नाटक में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी हर दिन जोर पकड़ रही है। अगले 10 मई को राज्य की 224 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। राज्य में चुनावी प्रक्रिया का पहला चरण, यानी टिकट बंटवारे का काम लगभग पूरा हो चुका है। टिकट बंटवारे के बाद होनेवाली सामान्य राजनीतिक प्रतिक्रिया, यानी पाला बदलने का सिलसिला भी शुरू हो गया है, जिसमें फिलहाल कांग्रेस का पलड़ा भारी दिख रहा है। लेकिन भाजपा दक्षिण के अपने इस दुर्ग को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। भाजपा के लिए यह चुनाव जीतना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि कर्नाटक के चुनाव नतीजे से ही इस साल के अंत में होनेवाले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव के परिणाम का संकेत मिलेगा। उसके बाद अगले साल की पहली छमाही में ही आम चुनाव होंगे। इसलिए भाजपा कर्नाटक की सत्ता पर पकड़ बरकरार रखने के लिए पूरा जोर लगा रही है। उधर जनमत सर्वेक्षणों के परिणामों से उत्साहित कांग्रेस को पूरी उम्मीद है कि इस बार बाजी वह जीतेगी। इसलिए कांग्रेस ने राहुल गांधी को अभी से ही प्रचार अभियान में उतार दिया है, जिन्हें कर्नाटक के कोलार में दिये गये भाषण के कारण ही अदालत से सजा और सांसदी गंवानी पड़ी है। प्रचार में राहुल की इंट्री से पहले भाजपा की ओर से पीएम मोदी और जेपी नड्डा पांच-पांच बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। राहुल गांधी ने जातीय राजनीति को अपना प्रमुख हथियार बनाया है, उसके जवाब में अब भाजपा भी इसी लाइन पर चलने के लिए तैयार हो रही है, हालांकि उसके पास राष्ट्रवाद और कर्नाटक के विकास जैसे दूसरे मुद्दे भी हैं। कर्नाटक में जातीय राजनीति के इस दौर का किस पार्टी पर क्या असर होगा, बता रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष




राकेश सिंह

दक्षिण भारत में भाजपा के एकमात्र दुर्ग कर्नाटक में चुनावी बिसात पर बिछ चुकी है। 10 मई को राज्य विधानसभा की 224 सीटों पर होने वाले चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। भाजपा के लिए स्थिति थोड़ी मुश्किल है, क्योंकि वह सत्ता में है और बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में उसकी सरकार पर भ्रष्टाचार से लेकर कई तरह के आरोप लग रहे हैं। भाजपा इस मुश्किल से निकलने और अपने इस दुर्ग को बचाने के लिए पूरा जोर लगा रही है, जबकि कांग्रेस बेहद उत्साहित है। विभिन्न सर्वेक्षणों के नतीजों में उसे आगे बताया गया है और यही कारण है कि पार्टी नेता राहुल गांधी अभी से ही प्रचार में उतर गये हैं।

कर्नाटक के चुनाव में स्थानीय और अन्य मुद्दों के अलावा एक प्रमुख मुद्दा जातीय राजनीति का होता है। कर्नाटक के बारे में कहा जाता है कि राज्य की सत्ता का फैसला लिंगायत और वोक्कालिगा समुदाय ही करता है। इसलिए कांग्रेस और भाजपा ने पूरे जोर शोर से जातीय राजनीति का खेल शुरू कर दिया है। दोनों पार्टियां इन समुदायों से वोट बैंक बनाने या तोड़ने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही हैं, जो भारत में ऐसे बहुत कम ही नजर आता है। कर्नाटक में जातीय और समुदाय का मकड़जाल ऐसा है कि यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता से लेकर दूसरे तमाम मुद्दे एकबारगी धाराशायी हो जाते हैं।

### क्या है चुनावी परिदृश्य

कर्नाटक के सियासी समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। चुनावी प्रक्रिया का पहला चरण, यानी टिकट बंटवारे काम लगभग पूरा हो गया है। और इस प्रक्रिया के बाद होनेवाली सहज-स्वाभाविक प्रतिक्रिया, यानी पाला बदलने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जिन्हें टिकट नहीं मिला, वे नया घर तलाश रहे हैं। जिन्हें टिकट मिल गया, वे चुनाव की तैयारियों में जुट गये हैं। पिछले एक पखवाड़े की गतिविधियों पर नजर डालें, तो इस बीच कई बड़े उलटफेर हुए हैं।



**टिकट बंटवारे के बाद पाला बदलने की लगी होड़**

### सत्ताधारी भाजपा के कई दिग्गज नेताओं ने पार्टी छोड़ी

सत्ताधारी पार्टी भाजपा में टिकट बंटवारे को लेकर खलबली मची हुई है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार, पूर्व उप-मुख्यमंत्री लक्ष्मण संगप्पा सावदी समेत दो दर्जन से ज्यादा बड़े नेताओं ने टिकट बंटवारे को लेकर नाराजगी जताते हुए पार्टी छोड़ दी है। इनमें से ज्यादातर ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। भाजपा नेताओं में टिकट बंटवारे को लेकर नाराजगी और बगावत अभी भी जारी है। जगदीश शेट्टार की गिनती लिंगायत समुदाय के बड़े नेताओं में होती है। ऐसे में उनके कांग्रेस में जाने से भाजपा को नुकसान हो सकता है।

### कांग्रेस में भी उठापटक

ऐसा नहीं है कि बगावत केवल भाजपा में है। कांग्रेस और जेडीएस नेता भी बागी रुख अख्तियार कर रहे हैं। कर्नाटक के पूर्व एमएलसी और कांग्रेस नेता रघु आचार ने बागी रुख अख्तियार करते हुए जनता दल (सेक्यूलर) का दामन थाम लिया है। वहीं, कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कगोडु थिम्मप्पा की बेटी ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है।

### जेडीएस को भी लग चुका है झटका

भाजपा और कांग्रेस के साथ-साथ जेडीएस को भी कई झटके लग चुके हैं। जेडीएस नेता अब्दुल अजीज ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने नरसिम्हाराजा विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांगा था। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और प्रदेश इकाई के सचिव पद से अब्दुल अजीज के इस्तीफे का पत्र प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंगाई मंगलोते इब्राहिम को सौंपा गया। बताया जाता है कि अब्दुल अजीज अब कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस नेता सिद्धारमैया से मुलाकात भी की है। आरसिकेरे निर्वाचन क्षेत्र के जनता दल (एस) विधायक के एम शिवलिंगे गौड़ा ने भी पार्टी छोड़ दी है। गौड़ा के कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। इसी तरह मांड्या से पूर्व लोकसभा सदस्य एलआर शिवराम गौड़ा भी पिछले दिनों सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गये हैं।

सूबे का जातिगत समीकरण क्या है कर्नाटक में 2011 की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या 6.11 करोड़ है। इनमें सबसे ज्यादा हिन्दू 5.13 करोड़, यानी 84 फीसदी हैं। इसके बाद मुस्लिम हैं, जिनकी जनसंख्या 79 लाख, यानी 12.91 फीसदी है। राज्य में इसाइ 11 लाख, यानी लगभग 1.87 फीसदी हैं और जैन आबादी चार लाख, यानी 0.72 फीसदी है। राज्य में लिंगायत सबसे बड़ा समुदाय है। इनकी आबादी करीब 17 फीसदी है। इसके बाद दूसरा सबसे बड़ा समुदाय वोक्कालिगा है, जिसकी आबादी करीब 14 फीसदी हैं। राज्य में कुरुबा जाति की आबादी आठ फीसदी, एससी 17 फीसदी और एसटी सात फीसदी हैं। लिंगायत समाज को कर्नाटक की अगड़ी जातियों में गिना जाता है। लिंगायत और वीरशैव कर्नाटक के दो बड़े समुदाय हैं। इन दोनों समुदायों का जन्म 12वीं शताब्दी के समाज सुधार आंदोलन के चलते हुआ था।

कांग्रेस, जो अपने गिने-चुने गुणों में धर्मनिरपेक्षता और आधुनिक मूल्यों की शपथ लेती है, उसे बहुत कुछ गंवाना पड़ता है, क्योंकि वह समुदाय द्वारा मतदाताओं की गिनती भी करती है। इस चुनाव में दोनों पार्टियों के लिए जो सामान्य है, वह यह है कि दोनों को अपनी-अपनी पार्टियों के भीतर नेतृत्व संघर्ष का सामना करना पड़ा रहा है। मुख्यमंत्री बनने की महत्वकांक्षा किसी से छिपी नहीं है।

### एक्स फैक्टर: लिंगायत

कर्नाटक के सियासी गलियारों में पिछले हफ्ते चार लिंगायत नेताओं की चर्चा जोरों पर रही, इनमें पूर्व और वर्तमान मुख्यमंत्री के साथ एक पूर्व डिप्टी सीएम भी शामिल थे। बीएस येदियुरप्पा, जगदीश शेट्टार और बसवाराज बोम्मई और पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी। इनकी व्यक्तिगत महत्वकांक्षा और अपने समुदायों के बीच मजबूत पकड़ की भी चर्चा हुई। इनमें से सावदी और शेट्टार ने भाजपा की नाव से कूदकर चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस का हाथ थाम लिया। हालांकि पिछले सप्ताह के अंत तक येदियुरप्पा, शेट्टार के लिए बल्लेबाजी कर रहे थे। येदियुरप्पा के बेटे पहले से ही भाजपा के उम्मीदवार हैं।

लिंगायतों का एक उतार-चढ़ाव भरा इतिहास रहा है। कभी-कभी उन्हें एक अलग अल्पसंख्यक धर्म (लिंगायतवाद) के अनुयायी के रूप में देखा जाता है, लेकिन वे शिव की पूजा करते हैं, जो उन्हें हिंदू बनाता है। लेकिन फिर वे पुरानी दुनिया की ब्राह्मणों के नेतृत्व वाली जाति व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हैं। इस प्रभावशाली पंथ के सदस्यों की उत्पत्ति विभिन्न जातियों और समुदायों में हुई है। चुनाव की दृष्टि से केवल यह जानना जरूरी है कि आधुनिक दुनिया में वह एक शिक्षित, राजनीतिक रूप से जागरूक, महत्वाकांक्षी समूह है।

भाजपा ने कुल मिलाकर लिंगायतों के साथ अपनी भूमिका निभायी है, जिनकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं अक्सर किसी विचारधारा, पार्टी या नेता से ऊपर उठती हैं। धारवाड़ के दक्षिण में मोदी की प्रसिद्ध बाहुबली छवि कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। एकमात्र दक्षिणी राज्य पर भाजपा की पकड़ लगातार कमजोर दिख रही है, क्योंकि कांग्रेस ने जातीय राजनीति का सिलसिला पहले शुरू किया है। जाहिर है कि कांग्रेस इस चुनाव में वोक्कालिगा के साथ नजर आ रही है। इसका कारण भी है, क्योंकि खुद कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार इसी समाज से आते हैं। हालांकि, वोक्कालिगा समुदाय के बीच पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व में जनता दल (सेक्युलर) का मांड्या बेल्ट में मजबूत प्रभाव है, जो भारत की सिलिकॉन वैली से दूर नहीं है। जेडीएस के लिए त्रिशंकु विधानसभा में किंगमेकर की भूमिका निभाने के विकल्प खुले हैं, लेकिन संकेत हैं कि इस मौसम में भाजपा के साथ उसके संबंध अधिक तनावपूर्ण हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। उसने सावदी को लुभा लिया है और खुद को लिंगायत और वोक्कालिगा दोनों के लिए स्वीकार्य के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रही है। सावदी को यह महसूस हो गया था कि भाजपा में लिंगायत समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वालों की भरमार है, इसलिए उन्होंने मौके की तलाश की और कांग्रेस में चले गये।

कांग्रेस की इस चाल के जवाब में भाजपा ने बड़े पैमाने पर विकास के साथ-साथ अपने हिदुत्व के एजेंडे को मिलाने की कोशिश की, लेकिन अब उसे समझ में आ रहा है कि कर्नाटक के तटीय हिस्से के अलावा कहीं भी धार्मिक पहचान उतनी अधिक मजबूत नहीं है। इसलिए उसे अपनी रणनीति बदलनी पड़ रही है। यह देरी ही उसे महंगी पड़ती दिख रही है।

---

## सरयू राय की पीआइएल पर एचसी ने सरकार से पूछा

# खनन कर रखे लौह अयस्क के निष्पादन की क्या है प्रक्रिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि सारंडा के जंगलों में खनन कर रखे गये लौह अयस्क एवं अन्य खनिजों के निष्पादन की क्या प्रक्रिया है। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने इस संबंध में जनहित याचिका दाखिल की है, जिस पर झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की बेंच में सुनवाई हुई। सरयू राय की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने अदालत में पक्ष रखा। वहीं केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव कोर्ट में उपस्थित रहे। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार यादव ने पक्ष रखा।



याचिका में कहा गया है कि सारंडा के इलाके में 2020 के बाद से माइनिंग बंद है, लेकिन कई खनन कंपनियों के द्वारा माइनिंग कर लाखों टन खनिज निकाला गया है, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। अदालत ने इस पूरे मामले पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 जून को होगी।

---

# चाइबासा : माओवादियों का मंसूबा विफल, पांच बम बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा।** जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के छोटा कुईड़ा से मरादिरी जाने वाले रास्ते से सुरक्षाबलों ने पांच आइइडी बरामद किया है। बरामद आइइडी में दो-दो किलो के चार और पांच किलो का एक सुरंग शामिल है। पुलिस और सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए यह आइइडी लगाया गया था, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों की सक्रियता से एक बार फिर नक्सलियों का मंसूबा विफल हो गया। चाईबासा जिला बल और सीआरपीएफ 60 बटालियन की बीडीडीएस टीम ने इसे डिफ्यूज कर दिया है। एसपी आशुतोष शेखर ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर गत 11 जनवरी से पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, 205 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन, 157 बटालियन, 174 बटालियन, 193 बटालियन, 07 बटालियन, 26 बटालियन की टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुधवार को गोइलकेरा के आसपास में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से आइइडी विस्फोटक लगाया गया था। पांच आइइडी को सुरक्षाबलों ने बरामद किया और सभी को डिफ्यूज कर दिया गया।

---

# बीज घोटाला केस: मंत्री सत्यानंद भोक्ता की डिस्चार्ज पिटीशन पर 6 मई को सुनवाई

**एसीबी की विशेष अदालत में 46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

रांची। बीज घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री सह वर्तमान नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता के डिस्चार्ज पिटिशन पर छह मई को सुनवाई होगी। एसीबी की विशेष अदालत में 46.10 करोड़ के बीज घोटाला मामले में आरोपियों पर आरोप तय किया जाना है। मंत्री सत्यनाद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन अदालत में दाखिल किया था। इस पर एसीबी के द्वारा जवाब दाखिल किया जा चुका है। अब याचिका पर बहस होनी है।



### मंत्री ने मेडिकल ग्राउंड पर मांगा वक्त

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए तीन सप्ताह के समय की मांग अदालत में आवेदन देकर की। इस पर अदालत ने छह मई की तिथि सुनवाई के लिए निर्धारित की है। गौरतलब है कि 2003-05 में बीज और कृषि उपकरण की खरीद आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किये बिना मनपसंद कंपनी से की गयी थी। इसकी जांच एसीबी ने की थी। उस जांच में 46 करोड़ 10 लाख का घोटाला का मामला सामने आया था। इसको लेकर साल 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इस घोटाले में तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, तत्कालीन कृषि सचिव वी जयराम और निस्तार मिंज समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। सभी पर सरकारी पद और धन का दुरुपयोग कर घोटाला करने का आरोप है।

---

# लावालौंग मुठभेड़ के विरोध में झारखंड-बिहार में नक्सलियों ने किया 48 घंटे बंद का एलान

**भाकपा माओवादी के पूर्वी बिहार और पूर्वोत्तर झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता प्रतीक ने इस बारे में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र स्थित ग्रहे जंगल में हुई मुठभेड़ में पांच नक्सपलियों के मारे जाने के विरोध में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने 48 घंटे के लिए बिहार और झारखंड बंद की घोषणा की है। भाकपा माओवादी के पूर्वी बिहार और पूर्वोत्तर झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता प्रतीक ने इस बारे में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इसमें 20 और 21 अप्रैल को बिहार-झारखंड बंद करने का ऐलान किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि डीजीपी और डीआइजी का दावा है कि चतरा के लावालौंग स्थित ग्रहे वन क्षेत्र में चतरा पुलिस, कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ, जैप ने संयुक्त कार्रवाई में पांच साथियों को मार गिराया। दो एके-47, दो इंसास, देशी बंदूक बरामद किया गया। लेकिन पुलिस को खरोंच तक नहीं आयी। विज्ञप्ति में पुलिस पर भितरघाती का सहारा लेकर पांचों की हत्या का आरोप लगाया गया है। माओवादियों का आरोप है कि डीजीपी अजय कुमार सिंह, डीआइजी नरेंद्र सिंह और चतरा पुलिस द्वारा सोची-समझी साजिश के तहत मुठभेड़ में हमारे साथियों की हत्या की गयी है। इस हत्या की संगठन निंदा करता है। इस झूठी मुठभेड़ के विरुद्ध 20-21 अप्रैल को 48 घंटे का बिहार-झारखंड बंद की घोषणा की जाती है। इस बंद में दूध, पानी, पेपर, अस्पताल, एंबुलेंस आदि जरूरी वस्तुओं को मुक्त रखा गया है।



---

## बकोरिया कांड में सीबीआइ ने कोर्ट को सौंपी क्लोजर रिपोर्ट

# मृतक के परिजन बोले, सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे लड़ाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**10 निर्दोष व्यक्तियों की हत्या करने के दोषियों पर कार्रवाई नहीं करना गंभीर चिंता का विषय**

**जवाहर यादव ने कहा कि हमें तथा हमारे परिवार के लोगों को सीबीआइ से न्याय तो नहीं मिला, पर हमें इस देश की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है तथा हमलोग न्याय पाने के लिए हर सक्षम न्यायालय की शरण में जायेंगे। दोषी लोगों को सजा दिलाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।**

**पलामू।** पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को हुई बहुचर्चित कथित पुलिस नक्सली मुठभेड़ मामले की जांच सीबीआइ कर रही है। इस मामले में सीबीआइ ने रांची के सीबीआइ कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट सौंप दी है। इसकी जानकारी मुठभेड़ में मारे गये उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने दी। उन्होंने कहा कि सीबीआइ न्यायालय द्वारा मुझे नोटिस भेजकर सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि सीबीआइ द्वारा मामले की सही तरीके से जांच नहीं करने, मामले की लीपापोती करने तथा सच्चाई को छुपाने के इस निर्णय से मैं तथा मेरा परिवार काफी आहत हैं। हम लोग इस निर्णय के खिलाफ न्यायिक लड़ाई जारी रखेंगे और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ेंगे।

### हाइकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआइ ने दर्ज की थी प्राथमिकी

पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में आठ जून 2015 को हुई कथित पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के मामले में सीबीआइ दिल्ली ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह प्राथमिकी झारखंड हाइकोर्ट के 22 अक्टूबर 2018 को दिये आदेश पर दर्ज की गयी थी। इस घटना में पुलिस ने 12 लोगों को मुठभेड़ में मारने का दावा किया था। मृतकों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताते हुए हाइकोर्ट में सीआइडी की जांच पर सवाल उठाते हुए सीबीआइ जांच की मांग की थी।

सीबीआइ ने पलामू के सदर थाना कांड संख्या 349/2015, दिनांक 09 जून 2015 के केस को टेकओवर करते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
No 1 Channel
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.2 °c | 24.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.11 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.26 बजे |



# मुख्यमंत्री हेमंत को 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का बैज लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बुधवार को गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग के पुलिस महानिदेशक अनिल पालटा एवं अपर पुलिस महानिदेशक सुमन गुप्ता ने मुलाकात कर उन्हें 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का बैज लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अग्निशमन सेवा विभाग के कार्यों की जानकारी ली तथा अग्निकांडों से बचाव के तौर-तरीकों के लिए आम लोगों को जागरूक करने पर बल दिया।



अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 को फोर्ट स्टीकेन जहाज में आग लगने पर राहत कार्य करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले 66 वीरों की याद में हर वर्ष मनाया जाता है। मौके पर स्टेट फायर ऑफिसर जगजीवन राम, फायर स्टेशन ऑफिसर जितेंद्र तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम से मिले सीसीएल के सीएमडी, सरकार से मिले सहयोग के लिए जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह- प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने सीसीएल की परियोजनाओं में उत्पादन और प्रेषण में राज्य सरकार से मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही मुख्यमंत्री को बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीसीएल ने 90 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा है। उसमें उन्होंने सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिलने की उम्मीद जतायी।



भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक - 753006 (ओड़िशा), भारत / CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 03/GA/2023-24
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"धान पौधों में पत्ता और गला प्रध्वंस रोगों के विरुद्ध टेबुकोनाजोल 430 जी/एल एससी की जैव प्रभावकारिता और फाइटोटॉक्सिवसटी का मूल्यांकन"** शीर्षक परीयोजना ईएपी-375 के तहत एक (01) ग्रेजुएट असीस्टेंट के चयन के लिए दीनांक 05.05.2023 को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजीत कीया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि अदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।
Walk-in-interview will be held on Dt. 05.05.2023 for selection of one **(01) Graduate Assistant (GA)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"To Evaluate the bio efficacy and phytotoxicity of Tebuconazole 430 G/L SC against rice leaf and neck blast diseases"** (EAP-375). The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.
*प्रमुख अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR*

# झारखंड में अप्रैल में ही मई-जून जैसी गर्मी

रांची(आजाद सिपाही)। राज्य में बढ़ती गर्मी के बीच मौसम ने अप्रैल महीने में ही मई और जून की गर्मी का एहसास करा दिया है। राजधानी रांची सहित 17 जिलों का पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। संताल परगना में सबसे अधिक गर्मी पड़ रही है। यहां के तीन जिलों गोड्डा, देवघर और पाकुड़ का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। अप्रैल महीने में ही गरम हवा के थपेड़े ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है और कई वर्षों बाद अप्रैल में ऐसी तपिश ने लोगों को लू की याद दिला दी है। घरों से दिन में निकलना मुश्किल हो गया है।

## वीरेंद्र राम-रास बिहारी सिंह मामला : इडी और एसीबी को

# स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश

कोर्ट ने दोनों एजेंसियों को चार सप्ताह का समय दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम और पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ सीबीआइ जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। मामले में खंडपीठ ने अब तक हुई कार्रवाई पर इडी और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 14 जून को होगी। इस संबंध में पंकज यादव ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। 12 जनवरी को आयकर विभाग ने जमशेदपुर के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दोराबजी ऑटो प्राइवेट, परसुडीह और सुंदर नगर स्थित पहाड़ी इंजीनियरिंग मुंशी मोहल्ला के आवास समेत छह स्थानों पर छापेमारी की थी, जहां निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के करीबी सुरेश प्रसाद वर्मा के आवास से ढाई करोड़ कैश, भारी मात्रा में बेनामी संपत्ति के कागजात, सोने के आभूषण, निवेश के पेपर समेत टैक्स चोरी से संबंधित दस्तावेज मिले थे। सुनवाई के दौरान इडी की तरफ से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने दोनों एजेंसियों को चार सप्ताह का समय देते हुए स्टेटस रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।



# शराब घोटाले पर बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर दागे छह सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले का मसला और तूल पकड़ने वाला है। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने इस मसले पर सीएम हेमंत सोरेन को एक बार फिर घेरा है। ट्विटर के जरिये उन्होंने कहा है कि उन्हें पहले से ही आशंका थी कि छत्तीसगढ़ी शराब घोटाले की आंच झारखंड तक पहुंचेगी। ऐसा हुआ भी। बाबूलाल ने उत्पाद नीति और इसमें छत्तीसगढ़ी शराब कंसल्टेंट और सप्लायरों की भूमिका को लेकर छह सवाल दागे हैं। यहां तक कि इस प्रकरण के लिए हेमंत सोरेन को धृतराष्ट्र तक का दर्जा उन्होंने दे दिया है। पूछे गये सवालों का जवाब मांगते हुए भाजपा नेता ने कहा है कि जवाब जरूर दें। याद रहे कि दस्तावेज और कागजात कभी नहीं मरते। बकौल मरांडी, वह जिस तरीके से इस घोटाले के पूर्वानुमान और तैयारी के बारे में सीएम को कम से कम 10 बार इतने विस्तार से बता चुके हैं कि सीएम यह कहने की भी स्थिति में नहीं हैं कि उन्हें तो कुछ पता ही नहीं था।

## बाबूलाल मरांडी के सवाल

- क्या यह सही है कि छत्तीसगढ़ी शराब कंसल्टेंट, छत्तीसगढ़ी सप्लायरों और झारखंड एक्साइज विभाग ने मिलकर यहां सरकारी राजस्व को 450 करोड़ का उत्पाद राजस्व का घाटा पहुंचा दिया है?
- छत्तीसगढ़ में इडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई और कंसल्टेंट त्रिपाठी जी से इडी की पूछताछ से घबराये एक्साइज डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने मैन पावर एजेंसी ए टू जेड इंफ्रा सर्विसेज लिमिटेड, प्राइमोन वर्कफोर्स प्रा लिमिटेड, सुमीत सुविधाएं लिमिटेड, इगल हंटर सॉल्यूशन लिमिटेड पर करीब 450 करोड़ रुपये की पेनाल्टी लगाने की कागजी खानापूर्ति कर अपनी गर्दन बचाने की कोशिश की है।



- मुख्यमंत्री जी, मैं पूर्व से भी आपको अवगत कराता आ रहा हूं कि छत्तीसगढ़ी कंसल्टेंट और सप्लायरों से मिलकर झारखंड में भी बड़ा शराब घोटाला हो रहा है। इसके लिए पदाधिकारियों पर कार्रवाई कीजिये, लेकिन आप धृतराष्ट जैसा सब कुछ देखते रहे।
- उत्पाद विभाग ने इनको 450 करोड़ जुर्माने का नोटिस ऐसे वक्त पर लगाया है, जब इनकी अवधि का मात्र 12 दिन ही बचा हुआ है, आज भी आप इन्हीं एजेंसियों से काम करवा रहे हैं और ये लोग न्यायालय के शरण में जा चुके हैं, ताकि ये 450 करोड़ की पेनाल्टी देने से बच जायें।
- ये लोग चक्रव्यूह रचना शुरू कर चुके हैं, जिसके लिए मैं आपको पूर्व में ही चेता दिया था। अभी भी आपसे आग्रह है जल्द से जल्द उत्पाद विभाग के पदाधिकारियों पर कठोर कारवाई करें, जिनके कारण इतना बड़ा नुकसान राज्य सरकार को हो चुका है।
- जिन विद्वान सलाहकारों के परामर्श से ये पॉलिसी लायी गयी थी, वे आज खुद छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और इडी की जांच के घेरे में हैं। हम आपको चेताते रहे लेकिन आप कान में तेल डालकर सोये रहे। आज नतीजा ये हुआ कि छत्तीसगढ़ में जांच कर रही इडी ने आपके सचिव और आयुक्त तक को तलब कर लिया है।

राशिफल
डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

# युवाओं की आवाज दबाने की बजाय वादा निभाये सरकार : सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि युवाओं की आवाज दबाने की बजाय सरकार वादा निभाये। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जितनी मशक्कत युवाओं की आवाज और वाजिब हक दबाने के लिए कर रही, उतनी मशक्कत सही नीति बनाने, नौकरी और रोजगार देने के लिए करती तो ये नौबत नहीं आती। सरकार वादे निभाने में नाकाम रही है। उसकी दोषपूर्ण नीति और नीयत के कारण युवा सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर हैं। महतो रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने विधानसभा प्रभारियों के साथ राज्य में राजनीतिक और सामाजिक हालात पर चर्चा के साथ पार्टी के कार्यक्रमों की सफलता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नीयत नेक हो तो नीतियां सही बनती हैं। लेकिन राज्य सरकार की नीयत उजागर है। सवा तीन साल में ही सरकार ने हर वर्ग को निराश किया है। सबसे ज्यादा युवा वर्ग छला गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देर से ही सही, कांग्रेस ने जातीय जनगणना को लेकर आवाज उठायी है। झारखंड में सत्तारूढ़ कांग्रेस इस मांग के अनुरूप जातीय जनगणना कराने की सीधी और शीघ्र पहल करे। उन्होंने कहा कि बिहार सहित कई राज्यों में वहां की राज्य सरकारें जातीय जनगणना करा रही हैं, जबकि झारखंड में राज्य सरकार जातीय जनगणना कराये, इसके लिए हमने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। अलग-अलग मंचों से हम और हमारी पार्टी लगातार यह मांग उठाती रही है।

### 30 अप्रैल को राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च रांची में

सुदेश ने बताया कि विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 30 अप्रैल को रांची में आजसू पार्टी राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च निकालेगी। पहले यह कार्यक्रम 23 अप्रैल को होना था। सामाजिक न्याय मार्च की तैयारियों को लेकर सभी विधानसभा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

## जानकारी दी : राज्यपाल से मिले भाजपा नेता, सौंपा ज्ञापन

# कदमा घटना की सीबीआइ जांच की मांग

गिरफ्तार नेताओं को जल्द रिहा कराये जाने का भी आग्रह किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को राजभवन में भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को आठ और नौ अप्रैल को जमशेदपुर के कदमा क्षेत्र में घटी घटना के आलोक में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मामले की सीबीआइ या न्यायिक जांच कराने की मांग की। उन्होंने राज्यपाल से गिरफ्तार नेताओं को जल्द रिहा कराये जाने का भी आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदीप वर्मा सहित अन्य ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जमशेदपुर जिला प्रशासन द्वारा हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध दुर्भावनावश और भेदभावपूर्ण कार्रवाई रामनवमी के दौरान की गयी।



इस मामले की तरीके से जांच हो। राजभवन से निकलने के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रदीप वर्मा ने बताया कि कदमा प्रकरण में राज्य सरकार और जिला प्रशासन, जमशेदपुर की संदिग्ध भूमिका के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी गयी है। जिस प्रकार की घटना कदमा में हुई और जिस तरह से अपरिपक्व तरीके से आपत्तिजनक रवैया अपनाते हुए केस को जिला प्रशासन के स्तर से हैंडल किया गया, वह निराश करने वाला रहा। इस घटनाक्रम में हिंदू समाज के लोगों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से साजिश हुई। जिस समय घटना हुई, हिंदू समाज के लोग वहां नहीं थे। कदमा प्रकरण में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश के स्तर से पांच सदस्यीय कमिटी बनायी गयी थी। समिति ने अपनी जांच रिपोर्ट से राज्यपाल को अवगत करा दिया है। हमने राज्यपाल से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। राज्यपाल ने सारी बातों को ध्यान से सुना है। उम्मीद है कि न्याय होगा। गलत नीयत से प्रशासन के स्तर से कार्रवाई की गयी है।

राज्यपाल ने जांच कर उचित कारवाई किये जाने की बात कही है। जांच समिति के संयोजक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी थे। पूर्व गृह सचिव जेबी तुबिद, पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह, जमशेदपुर के अध्यक्ष गुंजन यादव, अनिल मोदी, राकेश सिंह, लक्ष्मण टुडू, संजीव सिन्हा और राजेश सिंह भी राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

## सभी सरकारी और गैर सरकारी विश्वविद्यालयों में भी आयुष ओपीडी खोलने का अनुरोध

# राज्यपाल से की झारखंड में आयुष यूनिवर्सिटी खोले जाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचएमएआइ, झारखंड ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राज्य में आयुष यूनिवर्सिटी खोले जाने की मांग की है। इस संबंध में एचएमएआइ के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उनसे बुधवार को राजभवन में मिलकर अनुरोध किया। इसमें डॉ राजीव कुमार (सचिव) डॉ नरेश कुमार (अध्यक्ष), रामजी यादव, डॉ बीएन सहाय रंजन, डॉ रानू मेहता, डॉ शिखा कुमारी भी शामिल थीं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को झारखंड में आयुष संबंधी समस्याओं के बारे में भी अवगत कराया। राज्य में आयुष चिकित्सा पद्धति के विकास के लिए कई अहम मांगों को भी उनके समक्ष रखा। आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना कर उसमें होमियोपैथी, आयुर्वेद, यूनानी, योगा सिद्धा, नेचुरोपैथी और पंचकर्म की पढ़ाई कराने की अपील की। राजभवन में सरकारी कर्मियों को होमियोपैथिक चिकित्सा सेवा मुहैया कराने को राजभवन परिसर में ओपीडी खोले जाने, राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी विश्वविद्यालयों के परिसर में भी आयुष ओपीडी खोलने और सामान्य बीमारियों के लिए होमियोपैथिक दवाइयां उपलब्ध कराने के अलावा साप्ताहिक जागरुकता अभियान चलाये जाने का भी अनुरोध किया। अनिवार्य साप्ताहिक गतिविधि के रूप में योग को सम्मिलित किये जाने, 21 जून 2023 को योग दिवस के 50 दिन पूर्व से सभी विश्वविद्यालयों के परिसर में योग कैंपेन चलाने, राज्य में किसी कारणवश बंद पड़े सभी होमियोपैथिक कॉलेजों के पुनः संचालन के लिए एक कमिटी गठित करने के संबंध में भी आग्रह किया। वहीं एचएमएआइ रांची यूनिट के आग्रह पर राज्यपाल ने अपनी सहमति प्रदान की। इसके साथ ही राज्यपाल ने राजभवन के परिसर में एक आयुष ओपीडी खोले जाने पर सहमति दी। साथ ही महीने में एक दिन राज्य के रिमोट, आदिवासी बहुल इलाकों में हर घर आयुष के तहत निःशुल्क आयुष चिकित्सा मेगा कैंप शुरू करने के लिए पूरे महीने में अपना एक दिन देने के लिए आयुष चिकित्सकों से कहा। एचएमएआइ के सचिव डॉ राजीव कुमार ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया।



# नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार रमेश कुमार पांडेय

वैशाली के पैतृक गांव में लंबी बीमारी के बाद हुआ निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला के प्रतिष्ठित पत्रकार रमेश कुमार पांडेय अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका निधन उनके पैतृक गांव वैशाली जिला के हाजीपुर प्रखंड अंतर्गत फतेहिया पंचायत के भंटीडी गांव में हुआ। वह पिछले लगभग एक साल से बीमार चल रहे थे। पिछले छह माह से उनकी स्थिति लगातार बिगड़ रही थी। डॉक्टरों के अनुसार उनकी किडनी में काफी समस्या थी। इधर दो-तीन महीनों से वह लगातार सघन इलाज के दौर से गुजर रहे थे। कई बार आइसीयू में जा चुके थे। बुधवार की दोपहर बाद लगभग तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इस खबर को सुनने के बाद गुमला में शोक की लहर दौड़ गयी। वह बराबर कहा करते थे कि भले ही हमारी जन्मभूमि वैशाली है, लेकिन हमारी मुख्य कर्मभूमि गुमला ही है।



वरिष्ठ पत्रकार उमेश पांडेय। फाइल फोटो

रमेश पांडेय ने पत्रकारिता में अपना कैरियर हाजीपुर से ही शुरू किया था। हाजीपुर में पत्रकारिता के दौरान ही उन्हें लोहरदगा में 'दैनिक जागरण' का ब्यूरो प्रमुख बनाकर भेजा गया। लोहरदगा के बाद उनका स्थानांतरण गुमला कर दिया गया। गुमला में काफी लंबा समय उन्होंने गुजारा। गुमला के बाद स्थांतरित होकर वह खूंटी चले गये। खूंटी में कुछ दिनों तक अपनी सेवा देने के उपरांत वह पुनः गुमला वापस आये और कुछ दिन के बाद सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्होंने 'आजाद सिपाही' से जुड़ कर पत्रकारिता जारी रखी। उम्र के कारण उनकी तबीयत बनती बिगड़ती रहती थी। अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उन्होंने अपने गांव का रुख किया। लगभग चार माह पूर्व वह गुमला छोड़कर अपने पैतृक गांव चले गये। वहां वह अपने परिवार के साथ रह रहे थे।

## छत से गिरने से युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गौशाला रोड में छत पर से नीचे गिर कर युवक घायल हो गया। घायल की पहचान सचिन कुमार के रूप हुई है। जानकारी के अनुसार बीती रात खाना खाकर छत पर सो रहा था। इसी दौरान अचानक नीचे गिर जाने से घायल हो गया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राजधनवार थाना अंतर्गत बभनी के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान परमानंद यादव (उम्र 38, पिता स्वर्गीय परमेश्वरी यादव, ग्राम बभनी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने मोटरसाइकिल से मगलवार की शाम बभनी चौक के समय बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद देर शाम कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बंद होटल से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को कोडरमा थाना अंतर्गत लखीबागी के पास काशी यादव का एक बंद होटल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। इस बाबत बताया जाता है कि पुलिस को स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि बंद होटल मे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पाकर कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम दल बल के साथ पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है।

## झारखंड बंद का युवा नेता कृष्णा यादव ने किया समर्थन



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के 60/40 की स्थानीय नियोजन नीति के खिलाफ 19 अप्रैल के झारखंड बंद का बरही विधानसभा के युवा नेता कृष्णा यादव ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह नियोजन नीति झारखंडियों को ठगने वाला है। देश के कई राज्यों में जब भी कोई नियुक्ति निकलती है तो उसमे 100 प्रतिशत अपने राज्य वासियों को प्राथमिकता दिया जाता है, लेकिन झारखंड की वर्तमान सरकार पूर्व की भांति मात्र 60 प्रतिशत अधिकार ही राज्य वासियों को देना चाहती है, जबकि 40 प्रतिशत बाहरियों के लिए के लिए दरवाजा खोल दी है। जिसका हम पुरजोर विरोध करते है, सरकार की यह नीति गलत है जिसका प्रदेश के सभी छात्र विरोध कर रहे है। उनके विरोध को बल देने का कार्य करूंगा। प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ सदैव खड़ा रह कर उनके हक की लड़ाई लड़ने को तैयार हूं।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को प्रशासन ने पकड़ा

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रशासन की कार्यवायी के बावजूद जयनगर क्षेत्र में बालू माफिया अवैध बालू खनन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे ना सिर्फ खनन विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि इसके साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। पूरे प्रखंड में बालू माफियाओं का हौसला बुलंद हो चुका है, हौसला इतना बुलंद है कि जेसीबी मशीन के माध्यम से बालू का उठाव करते हैं। नदियों की शक्ल और सूरत बिगड़ती नजर आ रही है। समस्या को देखते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है, जिसमे बालू लदे 9 ट्रैक्टर जब्त किया है। कई बालू घाटों पर छापेमारी की गई जिसमे हीरोडीह से 2, पहाड़पुर से 1, पतिशाले से 2, चेहाल से 2,तिलोकरी से 1, पिपचो से 1 बालू लदे कुल 9 ट्रैक्टर जप्त किया गया। इससे बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई में सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा शामिल थे। छापामारी के दौरान एसआई सुनील कुमार, एएसआई दिलीप मंडल आदि पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## कोडरमा में दिव्यांगों को मिला व्हीलचेयर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत नि: शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुड़े हुए पैर का परीक्षण और सर्जरी के साथ साथ फटे होंठ का इलाज शुरू हो गया है। मुड़े हुए पैर का परीक्षण और सर्जरी के साथ साथ फटे होंठ का इलाजे 20 अप्रैल तक किया जायेगा। मुड़े हुए पैर का परीक्षण और सर्जरी के साथ साथ फटे होंठ से संबंधित करीब 150 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया और बारी बारी से चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज किया गया। इसके अतिरिक्त कई दिव्यांग को जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साइकिल व व्हीलचेयर प्रदान किया गया।

## उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन और वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने डोमचांच प्रखण्ड अंतर्गत शेरसिंघा और कोडरमा प्रखंड अंतर्गत खैरीडीह गांव का भ्रमण किया। गांव में वन रक्षा बंधन महोत्सव मनाया गया, जहां उपायुक्त व वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। ग्रामीणों ने शपथ लेते हुए यह घोषणा किया कि आज से जंगल बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। उपायुक्त ने वन रक्षा बंधन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गांव स्तर पर लोगों को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजना चलाई जा रही है उन योजनाओं का लाभ लें और स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनें। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा वन्य प्राणियों के साथ-साथ वनों की सुरक्षा के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम काफी अहम साबित हो रहा है। वन सुरक्षित रहेगा तो पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। मौंके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, वन क्षेत्र पदाधिकारी, पीएमयू सदस्य धनपाल, अनुज व अन्य मौजूद रहे।

## रामगढ़ ने कोडरमा को 72 रन से हराया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में रामगढ़ और कोडरमा के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ़ में 49 .3 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 216 रन बनाए। जिसमें धर्म ने 54 रन, अमयंक ने 42 रन और हिमांशु ने 46 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से पीयूष ने 3 विकेट और मानव ने दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा की टीम 39 ओवर में मात्र 144 रन ही बना सकी। कोडरमा की ओर से पीयूष ने नाबाद 75 रन और प्रियांशु ने 22 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए रामगढ़ की ओर से हिमांशु ने 4 विकेट और शिवम ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच कोडरमा के पियूष सिंह को मैच ऑब्जर्वर शशि भूषण चौबे ने दिया। मौके पर अंपायर हेमंत ठाकुर, शेख इफ्तेखार, स्कोरर गजेंद्र कुमार, केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, मनोज सहाय पिंकू, आलोक पांडे, सुमन कुमार, सोनू खान, ओम प्रकाश, धर्मेंद्र कौशिक, मुकेश प्रभाकर, अमित जायसवाल, विशाल सूद, अशोक यादव, आशीष यादव, रोहित भारती, चंदन यादव, नीतीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुंह और दांतों के रख रखाव की दी जानकारी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ओरल स्क्रीनिंग पखवाड़ा में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार के नेतृत्व मे टीम ने कोडरमा मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय के कक्षा छह से आठवीं तक के छात्राओं को मुंह एवं दांतों के रख रखाव कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी। साथ ही ओरल स्क्रीनिंग भी की गई। डॉ शरद कुमार ने छात्राओं को बताया कि रात में सोने से पहले ब्रश अवश्य करे। जांच के बाद सभी छात्राओं को टूथ ब्रश और होथ धोने की साबुन मुफ्त में वितरित किया गया। ओरल स्क्रीनिंग के दौरान स्कूल की प्रभारी प्राचार्या सुधा कुमारी, शिक्षिका कुमकुम सिंह, वंदना कुमारी, संगीत साहनी, मनीषा कुमारी, शिक्षक सहदेव रविदास, राधेश्याम मिश्रा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने में जिला एनसीडी के कार्यक्रम सहायक प्रदीप कुमार, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के दीपेश कुमार, डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्रा मौजूद थे।

# नियोजन नीति के विरोध में सड़क पर उतरे छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** नियोजन नीति के विरोध में छात्र संगठनों ने झारखंड बंद बुलाया था। हजारीबाग में भी इसका असर देखने को मिला। झारखंड सरकार के 60/40 नियोजन नीति के विरोध में हजारों छात्र हजारीबाग के सड़को पर उतर नियोजन नीति का विरोध किया। इस दौरान छात्रों द्वारा शहर को बंद कराने की भी कोशिश की गई। छात्र काफी उग्र थे और हाथों में लाठी डंडे लिए थे। साथ ही 60/40 नाय चलतव के नारे लगा रहे थे। इस दौरान कैसे लिया झारखंड लड़ के लिया झारखंड के नारे भी लगा रहे थे।

छात्र शहर में घूम घूम कर बंद करवाने की कोशिश कर रहे थे, उसके बाद एनएच 33 के कोनार पूल के पास सैकड़ों छात्र पहुंच यातायात को भी बाधित करने की कोशिश की। इस दौरान सड़क पर टायर भी जलाया। ट्रक, टेंपो और आने जाने वाले वाहनों को उनका कोपभाजन बनना पड़ा। मगर प्रशासन की मुस्तैदी ने छात्रों के मंसूबे पर पानी फेर दिया। इस दौरान सदर सीओ राजेश कुमार, सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम, सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार, इंस्पेक्टर मनोज सिंह, सदर प्रभारी गणेश सिंह, मुफ्फसिल थाना प्रभारी बजरंग महतो, बड़ा बाजार प्रभारी घनश्याम सिंह, कोर्रा प्रभारी उत्तम तिवारी दल बल समेत बंद को विफल करने में लगे रहे। इससे पूर्व मंगलवार शाम सैकड़ों की संख्या में छात्र मशाल जुलूस निकाला। सभी छात्र डिस्ट्रिक मोड़ चौक पर जुटे और जम कर नारेबाजी की।

# समिति की बैठक में जन समस्याओं से जुड़े मामले उठे

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** पंचायत समिति की बैठक प्रखंड कार्यालय सभा कक्ष में हुई। अध्यक्षता प्रमुख पार्वती देवी एवम संचालन विनोद कुमार रवि ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रशिक्षु आईएएस सह सीओ सताब्दी मजूमदार उपस्थित हुई। उपप्रमुख सत्येंद्र कुमार के द्वारा प्रशिक्षु आईएएस से इचाक अंचल से चोरी किये गये रजिस्टर 2 को थाना से रिलीज करा कर अंचल में लाने का आग्रह किया। साथ ही साथ खतियान को ऑनलाइन करने का और सभी पंचायतों में हल्का कर्मचारी का बैठने का तिथि निर्धारित करने को कहा। इस पर प्रशिक्षु आईएएस ने कहा की एक सप्ताह के अंदर कर्मचारियों की बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कर दिया जाएगा।

बैठक में देवकुली पंचायत में आंगनवाड़ी केंद्र बन कर 1 साल से तैयार है पर हैंड ओवर नहीं किया जा रहा है इससे रोष व्यक्त किया गया। गोबरबदा पंचायत में आंगनवाड़ी सेंटर पीडब्ल्यूडी पथ पर संचालित है उस सेंटर को आबादी के बीच में सेंटर को संचालित किया जाए। जिससे बच्चों को पठन-पाठन में कठिनाई ना हो। ग्राम सिजुआ उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है परंतु अभी तक विभाग के द्वारा स्वीकृति नहीं दी गई है जिसे अभिलंब स्वीकृति देकर सारी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग की गई। प्रखंड में सभी पारा टीचरों को पंचायत स्थानांतरण करने की बात सदन में रखी गई। बैठक में सीओ मनोज महथा, बीडीओ रिंकू कुमारी, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत मेहता, बीपीओ राजीव आनंद, चिकित्सा प्रभारी डॉ ओमप्रकाश, बीएओ बिनोद कुमार रवि, ब्लॉक कॉर्डिनेटर संजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय, डाढा मुखिया सुनीता देवी समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मोबाइल चोरी कर भाग रहा युवक पकड़ा गया

**हजारीबाग (आजाद सिपाही संवाददाता)। कोर्रा थाना अंतर्गत आनंदपुरी स्थित प्रकाश लॉज के समीप मोबाइल चोरी कर भाग रहे पुरूषोत्तम कुमार पिता-दीपक गोप , सकिन-छोटी ग्वालटोली चौक,थाना-सदर,हजारीबाग को पब्लिक की मदद से पकड़ कर उसके पास से चोरी किया हुआ मोबाइल व एक स्कूटी बरामद करते हुए कोर्रा थाना कांड सं0-69/23 दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।**

# मस्जिद चौक में युवाओं ने इफ्तार पार्टी का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम बादम जामा मस्जिद चौक में युवाओं के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बच्चों, बूढ़े व नौजवानों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। इफ्तार से पूर्व विशेष दुआ का किया गया जिसमे मुल्क के अमन चैन और तरक्की की दुआ की गई। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। इफ्तार पार्टी में तपती गर्मी को देखते हुए रूह अफजा और गुलोकॉन डी के शरबत का इंतेजाम किया गया था। साथ ही बिरयानी और कई तरह के फल के साथ चना का भी इंतजाम किया गया था। युवाओं के आर्थिक सहयोग से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

# इचाक में इफ्तार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** राष्ट्रीय जनता दल बरकट्ठा विधानसभा के द्वारा इचाक प्रखंड के उर्दू एमएस मकतब जामा मस्जिद दर्जी मोहल्ला के प्रांगण में दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिला राजद महासचिव बसंत नारायण मेहता, प्रोफेसर राजेंद्र यादव, प्रोफेसर सुबोध दास, भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार दास, अनवर हुसैन, अब्दुल रशीद, इरफान, मोहम्मद नईम , मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद दिलनवाज, मो.अफजल, नजीब हैदर, मोहम्मद साबिर आदि लोग उपस्थित हुए। दावते इफ्तार का मुख्य उद्देश्य समाज में फैल रहे वैमनस्यता तथा इचाक में कौमी एकता का दरकता नीव को पाटना तथा समाज को मोहब्बत का पैगाम देना है। कौमी एकता के संकल्प के साथ देश में शांति, समृद्धि और तरक्की की सामूहिक दुआ मांगी गई। इफ्तार पार्टी के पूर्व राज्य और देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।

# एनटीपीसी के डायरेक्टर ने बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** एनटीपीसी के डायरेक्टर ऑपरेशंस एंड नॉमिनेटेड ओनर ऑफ माइंस रमेश बाबू वी. ने पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा किया। इस दौरे में सबसे पहले वो बानादाग रेलवे साइडिंग पहुंचे जहां पर उन्होंने रेलवे साइडिंग में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। साइडिंग में मौजूद अधिकारियों ने निदेशक प्रचालन को बखूबी परियोजना की हर एक गतिविधि के बारे में बारीकी से जानकारी दी। निदेशक प्रचालन ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के महत्वकांक्षी लक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा कि आप सबको उसी तेज गति और रफ्तार से काम करना है जिससे कि हम अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर पाएं। उन्होंने बानादाग रेलवे साइडिंग में निमार्णाधीन रैपिड लोडिंग सिस्टम के बारे में जानकारी ली, बकायदा स्वयं चलकर हर एक चीज को देखा। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यरत तमाम कर्मचारी और अधिकारियों से सुरक्षा के प्रति सजग रहते हुए काम करने की बात कही। रेलवे साइडिंग का जायजा लेने के बाद परियोजना से जुड़ी अन्य जगहों पर पहुंचे जहां पर अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी। इसी क्रम में वे पकरी बरवाडीह की कोल माइनिंग एरिया पहुंचे जहां उन्होंने माइन व्यूप्वाइंट पर जाकर माइंन को देखा। डायरेक्टर ऑपरेशंस इसके बाद सीधा डंप देखने के लिए पहुंचे जहां उन्होंने अधिकारियों से डंप के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस विजिट के दौरान उन्होंने सीकरी ऑफिस में परियोजना के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस दौरे में डायरेक्टर ऑपरेशंस रमेश बाबू वी. के साथ एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार के अलावा पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव और तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# झुमरीतिलैया में श्याम बाबा का वार्षिक उत्सव, उमड़े श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** श्याम शरण में आ जा रे ... का पहला वार्षिक उत्सव को लेकर शिववाटिका में भक्ति संध्या में भक्तों ने भक्ति के सागर में गोता लगाया और इस दौरान हारे के सहारे श्याम बाबा हमारे एवं तीन वाणधारी के जयकारों से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। कार्यक्रम में बाबा श्याम का शीश का दरबार आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बना रहा। आलौकिक श्रृंगार के साथ सवामणि 56 भोग खीर चुरमा, ख्विचडों का प्रसाद भगवान का अर्पणा किया गया। अखंड ज्योत ने श्रद्धालु भक्तों की कतार लगातार बनी रही। इस अवसर पर देवघर से पंडितों ने श्रद्धालु भक्तों के माथे चंदन का लेप लगाकर महौल को भक्तिमय बना दिया। पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा ने करायी। यजमान के रूप में विपुल चौधरी, प्रीति चौधरी शामिल हुए। पहले श्याम महोत्सव में बिहार झारखण्ड पश्चिमी बंगाल उत्तर प्रदेश राजस्थान गुजरात से भी श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वप्रथम गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। इसके बाद हनुमान चालीस का पाठ हुआ। सुरत से आये विकास शारडा अभूतपूर्व, अकल्पनीय उत्सव, साक्षात दरबार मध्य में विराजमान हुआ। मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि जो द्वारिकाधीश है फिर भी सुदामा जैसा मित्र है, वही कृष्ण है। मौके पर शंकर लाल चौधरी, मधुसुदन दारूका, राजेन्द्र मोदी, महेश दारूका, आश्विली राजगढिया, गोपाल शर्मा, गोपाल बगडिया, अनुप जोशी, गौशाला का अध्यक्ष प्रदीप केडिया, अविनाश सेठ, सुरेश जैन, कैलाश चौधरी, अनुप खाटुवाला, निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन, ब्यूटी सिंह, प्रो राखी भदानी, कथावाचक परमेश्वरी देवी, सुजीत लोहानी, मुन्ना भदानी, राजेश भदानी, भानु प्रसाद, संजय अग्रवाल, मनोज लडढा अरविन्द चौधरी, पप्पु सिंह, दीपेश जेठवा, विवेक सहल, संतोष लडढा, संजु पिलानियॉ, संजय नरेडी, विष्णु चौधरी, हिमांशु केडिया, राजेन्द्र वर्मा, उमंग कंदोई, गणेश मजुनदार, उमेश जोशी, मनोज जोशी, अजय शर्मा, संजय खेमानी, यश बंसल, नवीन सिन्हा, विशाल कपिसमें, यश दाहिमा, जय दाहिमा, रणधीर कपसिमें के अलावा श्याम महिला प्रेमी, मारवाडी युवा मंच , प्रेरणा शाखा मोदी वर्णवाल समाज, जैन समाज, माहेश्वरी समाज, क्षत्रिय समाज, साहु समाज, माहुरी समाज, श्रीराम संकीर्तन मंडल, सामांतो काली महिला मंडल के अलावा कई स्वयंसेवी एवं सामाजिक संगठन के पदाधिकारी सदस्यगण शामिल हुए।

## होमियोपैथिक दिवस पर डॉ आनंद शाही सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विश्व होमियोपैथिक दिवस के उपलक्ष्य में रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (भारतीय होमियोपैथिक चिकित्सा संघ) के अध्यक्ष डॉ रामजी सिंह, झारखंड होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड इकाई के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। इस आयोजन में पूरे भारत से लगभग 1700 चिकित्सको ने ऑनलाइन पंजीयन करवाए, पंजीयन पूर्णत: निशुल्क था। डॉ आनंद कुमार शाही एक समाजसेवी के साथ आयुष चिकित्सक भी है। आयुष के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए आयुष निदेशक, डॉ फजलू समी झारखंड सरकार के द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ आनंद शाही को मिले सम्मान पर डॉ गणेश शंकर, डॉ ज्ञानेंदु जयपुरिया, डॉ बीएन सहाय, डॉ अनिल कुमार, डॉ अजित कुमार, डॉ हरिओम, डॉ नीतू सौंडी, डॉ पंकज मेहता, डॉ बिजय कुमार, डॉ मुकेश झा, डॉ दिग्विजय भारद्वाज, डॉ डीएन तिवारी, डॉ शंकर कुमार आदि चिकित्सको ने बधाई दिया।

## विद्यालय गरडीह में मुखिया ने बांटा पोषक किट



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरडीह में मुखिया नंदकिशोर कुमार ने 44 बच्चों के बीच पोषक किट का वितरण किया। जिसमे दो सेट यूनिफॉर्म और एक सेट जूता मौजा शामिल है। मुखिया कुमार ने कहा कि प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत डाड़ीघाघर पंचायत है। यह पंचायत आदिवासी बाहुल्य पंचायत है। गरीबी और बेरोजगारी हावी है। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा विद्यालयी बच्चों को पोशाक किट उपलब्ध करवाना वरदान साबित होता है। मौके पर उप मुखिया मालो देवी, छोटन सिंह, मो अब्बास मियां, सिराज मियां, शांति देवी, शोभा देवी, कालिया देवी, रिजवान खातून, वासुदेव मांझी और विद्यालय के प्रभारी के अलावा सहायक अध्यापक जयशंकर प्रजापति, उमेश रविदास समेत कई लोग मौजूद थे।

## भू रैयतों ने अपर समाहर्ता को सौंपा मांगपत्र



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की प्रस्तावित चंद्रगुप्त कोल परियोजना से प्रभावित व विस्थापित ग्रामीणों ने हजारीबाग स्थित अपर समाहर्ता को वक मांगपत्र सौंपा है इस मांगपत्र में ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार रैयतों को अधिकार मिलने, मकान के अलावे तालाब, वृक्ष व चापाकल सहित अन्य संरचनाओं का मुवाबजा एकमुश्त दिलाने, भूमि के कब्जे की घोषणा तक प्रतिवर्ष 12 प्रतिशत की क्षतिपूर्ति की राशि व पुनर्वास और पुनर्निर्माण की व्यवस्था के बाद ही खदान खोलने की अनुमति दी जाये विदित हो की सीसीएल की प्रस्तावित चंद्रगुप्त कोल परियोजना के तहत करीब छः गांव चट्टी बरियातू, जोरदाग, नायाखाप, पचड़ा, सिझुवा व बुकरु गांव आते हैं और बहुत जल्द ये कोल परियोजना शुरू होने वाली हैं।

## सुरजीत बनाये गये कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष सह आंदोलकारी नेता सुरजीत नगवाला को राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू ने ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर के पद पर मनोनित किया गया। विदित हो की हजारीबाग में कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने हजारीबाग में कई बड़े जनहित को लेकर आंदोलन किए और लगातार कांग्रेस संगठन में सैकड़ों नए कार्यकर्तों का जोड़ने का काम करने के साथ ही कांग्रेस संगठन को लेकर हमेशा तत्पर रहे। बधाई देने वाले में बरही विधायक उमा शंकर अकेला यादव, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष बेबी देवी, युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष तसलीम अंसारी, एससी एसटी अध्यक्ष मुकेश पासवान, सेवा दल जिला अध्यक्ष विश्वास पासवान, विजय यादव, आरसी प्रसाद मेहता, बबलू कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक देव, चंद्र शेखर मिश्रा, यमुना यादव, बीसी मिश्रा, साजिद अली खान, बिनोद कुशवाहा, अवधेश सिंह, शशि मोहन सिंह, बिरेंद्र सिंह, परवेज आलम, गुड्डू सिंह, रीतलाल मंडल, डॉ प्रकाश, अजय गुप्ता, संजय तिवारी, दीपक गुप्ता, असगरी अंजुम, कुमारी बखला, आयूब, फैज, एमडी जाबिर, मिथलेश दुबे, ओम प्रकाश गोप, राजेश गुप्ता, राम कुमार साव, रंजित यादव, सुनील कुमार साहू, सुनील चंद्रवंशी समेत कई शामिल हैं।

## स्थानीय नीति के खिलाफ विष्णुगढ़ में सड़क जाम



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** स्थानीय नियोजन नीति 60/40 के विरोध में विष्णुगढ़ के सातमिल मोड़ में सड़क जाम किया गया। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आंदोलन में दूसरे दिन 18 अप्रैल की संध्या मशाल जुलूस निकाली गई। मशाल जुलूस विष्णुगढ़ में सातमील मोड़ से हॉस्पिटल चौक होते हुए अखाड़ा चौक और बनासो चौक में निकाला गया। 19 अप्रैल को झारखंड बंद को लेकर सात मील मोड़ में युवाओं ने सड़क जाम कर आवाजाही बंद कर दिया। हालांकि बंद समर्थकों ने आपातकालीन सेवा बाधित ना हो इसका ध्यान रखा, बंद के दौरान कई स्कूली बच्चों को ले जा रहे गाड़ियों को जाने का रास्ता दिया गया। जाम के दौरान मुख्यमंत्री के विरूद्ध नारे लगाये गये। इस दौरान मुख्य रूप से संतोष कुमार, उप प्रमुख सरयू साव, पवन प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, खुबलाल भारती, अब्बास अंसारी, सत्यनारायण महतो, कैलाश महतो, रामटहल महतो, मुनिलाल महतो, प्रेमचंद महतो, राजेंद्र मंडल, उमेश कुमार, सुरेश राम, दशरथ राय, छात्रधारी महतो, रूपलाल महतो, विवेक कुमार, डालचंद कुमार, गंगाधर महतो, प्रकाश कुमार, समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नियोजन नीति के खिलाफ झारखंड बंद बड़कागांव में रहा बेअसर





**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नियोजन नीति 60/40 को रद्द करने की मांग को लेकर बड़कागांव में छात्रों ने सड़क पर उतर कर कहा नियोजन नीति 60/40 को रद्द करना होगा- करना होगा एंव झारखंड बंद के लगाकर जाम कर धरना प्रदर्शन किया। जाम का नेतृत्व छात्र मिथलेश कुमार ने किया। मौके पर कहा झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की 60-40 नियोजन नीति झारखंडी हीत में नही है। इससे नुकसान है। सरकार झारखंडीयों के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। जब तक सरकार नियोजन नीति को वापस नही लगीं। हमलोगों का आंदोलन जारी रहेगा। 5 वर्ष उम्र सीमा बढ़ाकर खतियान आधारित स्थानीय नीति को अविलंब लागू करने की मांग छात्रों ने मुख्यमंत्री से किया है। सड़क जाम के दौरान छात्रों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित महागंठबंधन सरकार के मंत्री व विधायकों के खिलाफ हाथ मे तक्की लेकर जमकर नारेबाजी की। चिलचिलाती धूप में छात्रों ने हाथ मे बैनर पोस्टर लेकर सड़क पर 60/40 न चलतो नारा लगाते रहे। बड़कागांव कोलांचल दिनभर आम दिनों की तरह रहा खुला, झारखंड बंद के बावजूद बड़कागांव कोलांचल आम दिनों की तरह गुलजार रहा लोग अपने घरों से निकलकर विभिन्न प्रकार की खरीदारी कर रहे थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
05

### हाथों में तख्तियां लेकर छात्र-छात्राओं ने जताया विरोध, जम कर की नारेबाजी

# रामगढ़ बंद में पथराव और लाठीचार्ज

- महिला का सिर फूटा, पांच घंटे जाम रहा एनएच 33 और 23
- दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं और महिलाएं हिरासत में
- आंदोलनकारियों का श्रृंगार है लाठी : जयराम महतो



**हाथों में तख्तियां लिए छात्र छात्राओं ने जताया विरोध**
झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के द्वारा आहूत झारखंड बंद का रामगढ़ में असर दिखा। बंद के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लिए हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। छात्राओं का कहना था कि झारखंड में झारखंडियों का हक मारा जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं होगा। राज्य सरकार झारखंडियों के साथ अन्याय कर रही है। किसी भी कीमत में झारखंडी अपनी अस्तित्व बचाने के लिए सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।



बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** 60-40 नियोजन नीति को वापस कर झारखंड हित में खतियान आधारित नियोजन नीति लागू कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंटस यूनियन रामगढ़ के तत्वावधान में बुधवार की सुबह करीब 8 बजे से ही रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत कोठार फोरलेन और रामगढ़-बोकारो मार्ग पर टायर जलाकर जाम कर दिया गया। अगर सुबह में ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन इस और सकारात्मक रूप से छात्र-छात्राओं से वार्ता करती तो निश्चित ही जाम में फंसे यात्रियों को इस भीषण गर्मी में राहत मिलती। लेकिन समय बीतता गया और छात्रों का उग्र आंदोलन बढ़ता चला गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए 60-40 नियोजन नीति वापस कर झारखंड हित में खतियान आधारित नियोजन नीति लागू कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने, झारखंड के नौकरी हेतु विज्ञापन में भारत का नागरिक मांगा जा रहा है, इस अन्याय को झारखंडी स्वीकार नहीं करेंगे सहित 60-40 नाये चालतो के नारेबाजी किया। हालांकि बंद के दौरान आकस्मिक सेवा चालू रहा।

**पत्थरबाजी और लाठीचार्ज के बाद आवागमन हुआ सुचारु रुप से चालू**

रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत कोठार फोरलेन और रामगढ़-बोकारो मार्ग पर टायर जलाकर जाम छात्र-छात्राओं ने ने जो नीति के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। सुबह 8 से 1 बजे तक पूर्ण रूप से सड़क जाम रहा। सड़क जाम की सूचना पाकर पहुंचे एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, बीडीओ एनी रिंकी कुजुर, रामगढ़ थाना प्रभारी सह स्पेक्टर रोहित कुमार महतो छात्र-छात्राओं को काफी समझाया लेकिन छात्रों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा था। इसी बीच छात्र-छात्राओं द्वारा पत्थरबाजी की गई। जिसके बाद पुलिस को दंडाधिकारी की उपस्थिति में लाठीचार्ज करना पड़ा। जिसमें एक महिला का सिर फूट गया। हालांकि इसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो गया।

**दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं और महिलाओं को किया गया डिटेन**

सड़क पर डटे छात्र-छात्राओं महिलाओं को हटाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। लाठीचार्ज के बाद 2 दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं और महिलाओं को डिटेन कर रामगढ़ थाना लाया गया। वहीं देर शाम बात सभी को बॉन्ड भरवा कर छोड़ दिया गया।

**आंदोलनकारियों का श्रृंगार है लाठी : जयराम महतो**

**रामगढ़।** 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ आहूत झारखंड बंद के दौरान रामगढ़ में महिलाओं पर लाठीचार्ज के विरुद्ध टाइगर जयराम महतो रामगढ़ थाना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों का लाठी श्रृंगार है। जब तक हमारा बदन लहुलुहान नहीं होगा आंदोलन का सफल होना भी संभव नहीं है। कहा कि लाठीचार्ज के बहाने पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया है। जो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि जो पुलिसकर्मियों ने मयार्दा कोलांघा है उस पर कार्रवाई किया जाए। इस बाबत पूरे घटनाक्रम का शिकायत वरीय पुलिस पदाधिकारियों से की गई है।

## सीसीएल कर्मी महिला की घर में घुस कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** उरीमारी ओपी क्षेत्र अंतर्गत चेक पोस्ट कालोनी में मंगलवार की रात सीसीएल कर्मी महिला यशोदा देवी लगभग (56) वर्ष की हत्या अपराधियों ने चाकू मारकर कर दिया। मृतका यशोदा देवी सीसीएल में एथलीट भी थी। घटना की जानकारी मिलते ही उरीमारी ओपी पुलिस छानबीन में जुट गई है। वहीं बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार ने उरीमारी ओपी पहुंच कर घटना की जानकारी ली। मृतका के पुत्र ने परिचित पर लगाया आरोप प्राप्त जानकारी अनुसार घटना के संबंध में मृतका यशोदा देवी के बेटे राहुल कुमार ने बताया कि मंगलवार को उसका जन्मदिन था। जन्मदिन मनाकर वह अंदर के कमरे में सोने चला गया। वहीं यशोदा देवी बाहर के कमरे में सो रही थी। रात में राहुल ने चेहरे पर दबाव महसूस होने पर उठ गया। उसने देखा कि उसका परिचित सीटन करमाली पिस्तौल लिए खड़ा है और उसके दो अन्य अज्ञात लोग भी चाकू लिए खड़े हैं। सीटन करमाली ने राहुल पर चाकू से हल्के वार कर धमकाते हुए अलमीरा का चाबी मांग लिया। सीटन और उसके साथी अलमीरा में रखे रुपए और जेवरात निकालने लगे। इस क्रम में राहुल भाग निकला। भागने के क्रम में बाहर के कमरे में अपनी मां को जमीन पर गिरा पाया। तत्पश्चात हल्ला करते हुए अपने पड़ोसी अशोक ठाकुर के घर पहुंचा। इस दौरान उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, और न्यू बिरसा परियोजना के ट्रांसपोटिंग कार्य प्रभावित रहा। जिसे देखते हुए चेक पोस्ट के समीप उरीमारी ओपी पुलिस, सीसीएल प्रबंधन एवं श्रमिक नेताओं के बीच वार्ता हुई। वहीं सीसीएल प्रबंधन ने तत्काल मृतक के परिजन को 75 हजार रुपए देने एवं नौकरी के संबंध में कागजी कार्रवाई करने की बात कही। वार्ता के बाद सड़क जाम हटा लिया गया। वार्ता में मुख्य रूप से प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी एन के सिंह, बरका सयाल अमला अधिकारी अजय कुमार, उरीमारी ओपी प्रभारी शशि भूषण कुमार, जनप्रतिनिधि संजीव बेदिया, राजू यादव, डॉ जी आर भगत, गणेश राम, बाल्मीकि यादव, लालो महतो, बालेश्वर महतो, आशीष राम, टहल गोप, दीपक विश्वकर्मा, चंदू जायसवाल, रामटहल मेहता, अनिल कुमार, संतोष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## भुरकुंडा में अवैध शराब जब्त




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात्रि सयाल, आजाद रोड़ स्थित सीसीएल के एक बंद क्वार्टर से 185 पेटी इम्पीरियल ब्लू (375 एमएल) का अवैध शराब जब्त कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। बुधवार को भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर जानकारी देते हुए पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सयाल, आजाद रोड स्थित एक सीसीएल क्वार्टर को अवैध रूप से कब्जा करके एक व्यक्ति द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब स्टॉक किया जा रहा है। रामगढ़ एसपी के आदेश पर छापामारी दल का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने बीती रात्रि सयाल, आजाद रोड स्थित एक सीसीएल क्वार्टर में छापामारी अभियान चलाया। जिसमें उस क्वार्टर के दो कमरों से एक सौ पचासी (185) पेटियों से इम्पीरियल ब्लू की अवैध शराब बरामद किया गया। जब्त पेटियों को सुरिक्षत ओपी लाकर रखा गया है। जब्त अवैध शराब की कीमत लगभग 10 लाख बताया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि शराब की सभी बोतले डुप्लीकेट प्रतीत हो रही है। यह जांच का विषय है। शराब की अवैध स्टॉकिंग और बिक्री करने के आरोप नामित और अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, गिरफ्तारी के बाद ही मामले का उद्भेदन होगा इसमें कौन-कौन शामिल थें। छापमरी दल में भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी के एसआई अक्षय कुमार, एसआई मयंक प्रसाद, कुंदन राव, एसआई रामसरीख तिवारी, एएसआई सामंत दास, एएसआई रामप्रवेश शर्मा, एएसआई पुरन सिंह आदि शामिल थें।

## मारवाड़ी युवा मंच ने कई जगहों पर प्याऊ लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा के तत्वावधान में बढ़ती गर्मी को देखते हुए अमृतधारा परियोजना के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर शुद्ध पेयजल प्याऊ की व्यवस्था की गई। इस दौरान मारवाड़ी धर्मशाला सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ जल की व्यवस्था की गई। मौके पर मंच के अध्यक्ष मिलिंद अग्रवाल ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ जल की व्यवस्था मंच के द्वारा की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होने के कारण राहगीरों को काफी लाभ होगा। उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की अपील की है। श्री मिलिंद ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ शाखा के द्वारा समाज हित के लिए निरंतर कार्य करते आ रही है और आगे करते भी रहेगी।

**ये थे उपस्थित**

इस अवसर अध्यक्ष मिलिंद अग्रवाल, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष धीरज बंसल, श्रींजय मेवाड़, संतोष गोकुलका, अमित अग्रवाल, आशीष मिमानी, लोकेश बगड़िया, वरुण बगड़िया, राकेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, आशीष जैन, राहुल जैन, पंकज अग्रवाल, रचित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## चतरा कांग्रेस कमेटी ने किया समाहरणालय का घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** भाजपा की केंद्र सरकार जो लोकतंत्र की हत्या व संविधान के नियमों का उलंघन करते हुए जिस प्रकार कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मोदी व अडानी के काले कारनामों का काला चिट्ठा को और जनादेश का सवालों को संसद में मजबूती से उठाने पर संसद की कार्यवाही रोक दी जाती है और सरकार को जवाब देने की बजाय मौन साध लेती है और राहुल गांधी के सवालों से डर कर जिस प्रकार सांसद सदस्यता रद्द करते हुए 24 घंटे के अंदर आवास को खाली करने का नोटिस दे दिया गया वह निंदनीय है। जिससे पूरे देश के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता आक्रोशित है। इसी के आलोक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निदेर्शानुसार चतरा जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे के नेतृत्व व चतरा प्रभारी विनोद कुशवाहा के उपस्थिति में बुधवार को जिला का नेता व कार्यकर्ता के साथ मिलकर चतरा समाहरणालय का घेराव किया और देश की महामहिम को चतरा उपायुक्त के द्वारा देश की तानाशाही सरकार के खिलाफ एक आवेदन दिया गया। इस घेराव में सिमरिया पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा, ओम प्रकाश पाठक, सुबेश राम, राजवीर के कौसर, नसीरुद्दीन अंसारी, प्रदेश डेलीगेट अनिल सिंह, दिनेश यादव, गुड्डू जसवाल, अजीमुद्दीन ख्वाजा, मनोज साहू, अर्जुन पासवान, इकबाल अंसारी, गुड्डू आलम, लक्ष्मी साव, महावीर दांगी, रवि गुप्ता, विक्रम कुमार सिंह, पप्पू रजा, संतोष केशरी, सतेंद्र राम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोती लाल पासवान, अरुण यादव, नीतीश कुमार, दीपू कुमार, इंद्रजीत पासवान, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष धीरज अंबेडकर, हर्षित चित्रांश, टिंकू पासवान, मनीष कुमार, मनीष पासवान के साथ मौके पर कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ मौजूद रहे ।

## राष्ट्रसेवा की प्रेरणा के लिए रोज फहरायें तिरंगा : नवीन जिंदल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद नवीन जिन्दल ने आह्वान किया है कि भारतवासी राष्ट्रसेवा की निरंतर प्रेरणा लेने के लिए रोज तिरंगा फहराये। उन्होंने कहा है कि तिरंगा लैपल पिन, रिस्ट बैंड के माध्यम से भी हम राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन कर सकते हैं। तिरंगा हमें राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। जिंदल का यह संदेश बिहु महोत्सव के शुभ अवसर पर असम की राजधानी गुवाहाटी के नरेंगी मिलिटरी स्टेशन में विशाल ध्वज फहराये जाने के उपलक्ष्य में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जनरल अशीम कोहली (रि.) ने पढ़ें। उन्होंने कहा कि अमेरिका में प्रबंधन की पढ़ाई के दौरान नवीन जिन्दल को प्रेरणा मिली कि राष्ट्रीय ध्वज रोज फहराने से देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। अमेरिका में रहते हुए ही उन्होंने प्रतिदिन तिरंगा फहराना शुरू कर दिया। वहां से भारत लौटकर उन्होंने रायगढ़ में अपनी फैक्ट्री का कामकाज संभाला और नियमित रूप से तिरंगा फहराना चाहा तो प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। उसके बाद जिंदल ने 10 साल कानूनी लड़ाई लड़ी और 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिसमें प्रतिदिन पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराना भारतवासियों का मौलिक अधिकार बन गया। इसके अलावा सांसद के रूप में नवीन जिन्दल ने नेशनल ऑनर एक्ट-1971 में संशोधन कराने की पहल 2005 में की और जिसके परिणामस्वरूप हमें प्रतिदिन कमर के ऊपर तिरंगा धारण करने का अधिकार मिला। इसी तरह केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद हरियाणा के कैथल में 2009 में फ्लैग फाउंडेशन ने पहला 207 फुट ऊंचा विशाल ध्वज फहराया। कोहली ने कहा कि अभी भी 95 प्रतिशत देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में पर्याप्त ज्ञान नहीं है कि इसका कपड़ा क्या हो और इसे कब फहराया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा झंडा 3.2 आकार में खादी, सिल्क, सूती या पॉलियेस्टर, किसी भी सामग्री का हो सकता है और आजादी के 75वें महोत्सव पर सरकार के फैसले के अनुसार हम अब दिन-रात तिरंगा फहरा सकते हैं। गुवाहाटी मिलिटरी स्टेशन पर फहराया गया यह झंडा फ्लैग फाउंडेशन की ओर से लोकार्पित 107वां विशाल ध्वज है।

हालांकि नवीन जिंदल की पहल से प्रेरणा लेकर 700 से अधिक विशाल ध्वज देशभर में लगाए जा चुके हैं, जो दुनिया के किसी भी देश में लगाए गए झंडों की संख्या से अधिक है। अपनी स्थापना के बाद से ही फाउंडेशन देशवासियों को हर घर तिरंगा-हर दिन तिरंगा के लिए निरंतर प्रेरित कर रहा है। यह झंडा अब देश की जनता का है। गुवाहाटी में आयोजित तिरंगा स्थापना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीओसी इन सी (ईस्टर्न कमांड) लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता थे।

## झारखंड बंद का रहा कुजू में मिला-जुला असर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** झारखंड छात्र संघ ने सरकार द्वारा जारी 60-40 नियोजन नीति को लेकर आहुत झारखंड बंदी का कुजू कोयलांचल में मिला जुला असर देखा गया। बंदी को लेकर छात्र संघ के सदस्यों ने आरा कांटा चेक पोस्ट को अहले सुबह से जाम कर दिया। सदस्यों ने सीसीएल की चेक पोस्ट के बैरियर को गिरा कर आवागमन को पूरी तरह बाधित कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर बंदी कर रहे छात्रों ने कहा कि हेमंत सरकार हमारी मांगों को अनसुना कर रही है। अगर सरकार हमारी मांगों पर पहल नहीं करती है तो आने वाले दिनों में इससे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके जवाबदेही सरकार की होगी। बंदी के कारण सीसीएल का ट्रांसपोर्टिंग कार्य सहित घाटोटांड़, गोमिया, ललपनिया आदि क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में काफी असुविधाओ का सामना करना पड़ा।

## स्कूल में महात्मा हंसराज की जयंती मनायी गयी



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी नॉर्थ कर्णपुरा में महान कर्मयोगी और डीएवी स्कूल के संस्थापक महात्मा हंसराज की 159 वी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार पांडेय एवं शिक्षकों ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा हंसराज की तस्वीर पर पुष्पांजलि, श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्कृत शिक्षक अभय त्रिपाठी के द्वारा वैदिक विधि-विधान से हवन यज्ञ करवाया गया। मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार पांडेय ने महात्मा हंसराज के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंच का संचालन आठवीं कक्षा की छात्रा विभूति चौधरी ने किया। नौवीं कक्षा की छात्रा स्नेहा कॉले और वैष्णवी कुमारी ने महात्मा हंसराज के जीवन पर लघु भाषण दिया। शिक्षिका अभिलाषा आआर्या और शिक्षक संतोष कुमार मंडल का अभिभाषण भी बच्चों ने बड़े ही मनोयोग से सुना।

## चतरा के छात्रों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा कॉलेज में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि साइबर डिफेंस विद्यापीठ के संस्थापक बालाजी और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर ममता वर्मा उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं को उन्होंने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कैसे आज साइबर हमले बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर प्रतिदिन लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं तथा सोशल मीडिया पर कॉग्निटिव मैसेज तथा इंफॉर्मेशन वार और कई प्रकार से लोगों को भ्रमित किया जा रहा है। साइबर अपराध के मामले में कोई भी व्यक्ति 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। इसको लेकर झारखंड सरकार ने प्रोजेक्ट आरव के तहत साइबर सुरक्षा से संबंधित कोर्स लॉन्च किए हैं, जिसे कोई भी इच्छुक विद्यार्थी इसे ऑनलाइन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का मंच संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष एवं स्ववित्त पोषित विभाग समन्वयक डॉक्टर मनीष दयाल ने किया। कार्यक्रम में चतरा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य आर. पी. राय बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नंदकिशोर सिंह तथा बीएड संभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर ग्लोरिया ग्रेस होरो, कंचन सोए मुर्मू, डॉ मो. मुमताज अंसारी, शोभा कुजूर, चंदन कुमार सिंह, अमित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## गिद्दी में बच्चों को दिया पोशाक



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** डाडी प्रखंड अंतर्गत डाडी पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय गिद्दी सी में अध्यनरत 213 छात्र छात्राएं के बीच स्कूली पोशाक का वितरण 20 सूत्री अध्यक्ष डाडी प्रखंड सह मुखिया डाडी पंचायत लखनलाल महतो और जिप सदस्या डाडी 2 श्रीमती पिंकू देवी के द्वारा किया गया मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक एवम शिक्षिकाए की मौजूदगी में पोशाक सेट वितरण किया गया। वितरण के दौरान विद्यालय प्रबंधक समिति के लोग भी उपस्थित थे मुखिया ने बच्चों को रोज विद्यालय आने को लेकर प्रेरित करते हुवे कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही पोशाक, किताब, छात्रवृत्ति वितरण योजना सराहनीय है। यह योजना गरीब अभिभावकों के लिए सार्थक सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के कारण सरकारी विद्यालय में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए अभिभावक शिक्षकों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। सरकारी विद्यालयों में भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकती है। इसलिए आप सभी को सकारात्मक सोच रखने की जरूरत है।

## नेताओं ने पतरातू के ग्रामीणों के साथ की बैठक



**पतरातु (आजाद सिपाही)।** पतरातू में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पतरातू के ग्रामीणों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा के निर्देश पर पीवीयूएनएल क्षेत्र में सीएसआर के माध्यम से विकास कार्य करने के लिए तैयार है। इसके तहत क्षेत्र में विवाह भवन, भाई मास्ट लाइट, विद्यालयों में सोलर सिस्टम के माध्यम से विद्युत आपूर्ति, जलाशयों का सुंदरीकरण आदि कार्य किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी कार्यों के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा आवेदन सांसद के नाम पर करना है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद, पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार, नारायण साहू, सुशील सिंह, अवधेश सिंह, महानंद सिंह, गणेश स्वर्णकार, रवि गिरी, मनु गुप्ता, दिलीप सिंह, अरुण साहू सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## पतरातू में बंदी का आंशिक असर

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड में छात्र संघ द्वारा बंदी का असर पतरातू क्षेत्र में बंदी का आंशिक असर रहा। पीटीपीएस न्यू मार्केट में छात्र संघ के कार्यकर्ताओं ने सड़क परिचालन को बंद करते नजर आए।

## विधायक अंबा ने भुरकुंडा में फिर से विद्यालय संचालित करने के लिए उपायुक्त को लिखा पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुन: भुरकुंडा में संचालित करने को ले बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने उपायुक्त रामगढ़ को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में विधायक ने कहा है कि पतरातू प्रखण्ड के भुरकुंडा में स्थित केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण केवि को घुटवा के बंद पड़े जीएम ऑफिस में शिफ्ट किया गया था। करीब दो दशक पहले केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा के रिवर साईड में संचालित हो रहा था। लेकिन विद्यालय भवन की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण सीसीएल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे घुटवा में शिफ्ट कर दिया। पत्र में अंबा प्रसाद ने कहा है कि वर्षों बीत जाने के बावजूद अब तक केन्द्रीय विद्यालय को पुन: भुरकुंडा में स्थापित करने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की गयी है। जबकि प्रबंधन द्वारा आश्वाशन दिया गया था कि पुन: भुरकुंडा में नए भवन का निर्माण कराकर केन्द्रीय विद्यालय को संचालित किया जाएगा। पत्र के माध्यम से विधायक ने केन्द्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुन: भुरकुंडा में संचालित करने की दिशा में पहल करने की बात कही है।

# कास्ट सेंसस के बहाने

जाति जनगणना की मांग एक बार फिर तेज हुई है। कर्नाटक के कोलार में रविवार को हुई रैली में राहुल गांधी ने यह मामला उठाया और उसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में जाति जनगणना करवाने की मांग दोहरा कर बहस को एक कदम आगे बढ़ा दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बीजेपी को अगर ओबीसी से इतना ही प्यार है तो वह उसे शब्दों तक सीमित न रखे और 2011 में हुई जाति जनगणना के आंकड़ों को जल्द से जल्द सार्वजनिक कर दे। कांग्रेस के इस तेवर को बीजेपी के उस रुख का जवाब माना जा रहा है, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले का फैसला आने के बाद बीजेपी नेताओं ने उनके मूल बयान को मोदी सरनेम तक सीमित न रखते हुए उसे पूरे ओबीसी समुदाय का अपमान बताना शुरू कर दिया था। जाति जनगणना की मांग को कांग्रेस ने जिस तरह उठाया है, उससे साफ है कि वह न सिर्फ कर्नाटक विधानसभा चुनावों में बल्कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी एकता को मजबूती देने वाले एक कारक के रूप में भी इसका इस्तेमाल करने का मूड बना चुकी है। अपने आप में इसे गलत भी नहीं कहा जा सकता। लोकतंत्र में कोई राजनीतिक दल अपनी सुविधा और मर्जी के हिसाब से मुद्दे चुनने और उनका चुनावी इस्तेमाल करने को स्वतंत्र होता है। लेकिन अपने देश में कई जरूरी मुद्दे सिर्फ इस्तेमाल ही होते रह जाते हैं। जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस का ताजा रुख कुछ ऐसा ही संकेत देता लग रहा है। 2011 में जाति जनगणना का फैसला यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही हुआ था जिसकी अगुआई कांग्रेस कर रही थी। तब भी उन आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया गया। 2014 में सत्ता में आई मोदी सरकार ने भी इस पर वही रुख रखा। हालांकि कांग्रेस अब कह रही है कि जनगणना के आंकड़े तैयार होने के बाद जब उसे जारी करने का वक्त आया, तभी यूपीए सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। बहरहाल, इसे कांग्रेस का यू-टर्न भी कह लें तो इसमें संदेह नहीं कि कम से कम आज की तारीख में वह कास्ट सेंसस की विपक्षी दलों की मांग पर उनके साथ खड़ी दिख रही है। इससे बीजेपी की मुश्किल कुछ और बढ़ जाती है क्योंकि बिहार के तमाम राजनीतिक दलों के साथ खुद को इस मांग के पक्ष में दिखाने के बावजूद वह अपनी ही केंद्र सरकार से इसे स्वीकार नहीं करवा पा रही। लेकिन तमाम दल एक-दूसरे की परेशानी चाहे बढ़ाते-घटाते रहें, मुद्दे को उसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाना तब तक संभव नहीं होगा, जब तक राजनीतिक दल पैंतरेबाजी से आगे बढ़कर इसे अपने संकल्प का हिस्सा नहीं बनाते। इन दलों ने इसे वाकई संकल्प का हिस्सा बना लिया है या नहीं, इसका पता तो चुनाव के बाद ही चलेगा।

**जाति जनगणना की मांग को कांग्रेस ने जिस तरह उठाया है, उससे साफ है कि वह न सिर्फ कर्नाटक विधानसभा चुनावों में बल्कि आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी एकता को मजबूती देने वाले एक कारक के रूप में भी इसका इस्तेमाल करने का मूड बना चुकी है। अपने आप में इसे गलत भी नहीं कहा जा सकता।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले एक दशक में, हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में एक आदर्श बदलाव देखा गया है। 'सबका साथ, सबका विकास' की दृष्टि से, 3 दिसंबर, 2015 को सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ, विकलांग व्यक्तियों को जीवन के सभी पहलुओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए समान अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था।**

# 'मन की बात' की शक्ति : समावेशिता और पहुंच की दिशा में भारत की यात्रा का निर्धारण



संजना गोयल

2015 में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के श्रोताओं के लिए एक अनूठा सुझाव दिया था- 'मैंने सोचा था कि हम लोगों को विकलांग कहते हैं या जानते हैं क्योंकि उनके शरीर की संरचना में कुछ कमी है या जिनके अंग सही से काम नहीं करते हैं। हालांकि, जब हम उनके साथ बातचीत करते हैं, तो हमें पता चलता है कि भगवान ने उन्हें कुछ अलग शक्ति प्रदान की है जिसे हम अपनी आंखों से नहीं देख सकते हैं, लेकिन जब हम उन्हें काम करते हुए देखते हैं तो हमें उनकी प्रतिभा का एहसास होता है। इसलिए, मैंने सोचा कि क्यों न हमारे देश में 'विकलांग' के बजाय 'दिव्यांग' शब्द का इस्तेमाल किया जाए।' यह अक्षमता के क्षेत्र में समावेशिता और पहुंच की दिशा में एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण की शुरुआत थी और मैं विश्वास के साथ कह सकती हूं कि यह इस माध्यम की शक्ति है, जिसे प्रधानमंत्री ने महसूस किया है और आत्मसात किया है।

इस क्षेत्र के साथ मेरे तीन दशकों से अधिक के जुड़ाव और खुद व्हील चेयर पर होने के कारण, मैंने देखा है कि जब दिव्यांगजनों की बात आती है तो राष्ट्र के सामने कुछ गंभीर चुनौतियां होती हैं, जिनमें से तीन - अनुत्पादकता, शिक्षा और पहुंच सबसे महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, पिछले एक दशक में, हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में एक आदर्श बदलाव देखा गया है। 'सबका साथ, सबका विकास' की दृष्टि से, 3 दिसंबर, 2015 को सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ, विकलांग व्यक्तियों को जीवन के सभी पहलुओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए समान अवसर प्रदान करने की दिशा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था।

**विकलांगता अधिकारों और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए हर योगदान मूल्यवान है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।**




**यह परिवर्तनकारी 'मन की बात' कार्यक्रम 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह मंच आने वाले समय में भी समावेशी भारत के सपने को साकार करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनमें अधिक जागरूकता की आवश्यकता है, वे हैं 'यूनिवर्सल डिजाइन' ताकि दिव्यांगजनों तक पहुंच बढ़ाई जा सके, कार्यस्थल में दिव्यांगजनों के लिए एक समान अवसर बनाने के लिए 'समुचित समायोजन' का दृष्टिकोण, और संभावित स्टार्टअप और इनोवेटर्स के लिए बाजार पहुंच के पर्याप्त अवसर को बढ़ावा देना सहायक टच (एटी) क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए इसकी मांग बढ़ रही है।**

लेकिन सरकार की इस नीति के साथ-साथ, ऐसे लोगों के इर्द-गिर्द की कहानी में बदलाव की पहल करना भी उतना ही आवश्यक था या जैसा कि मैं इसे 'व्यवहार परिवर्तन के लिए जन समर्थन' कहना चाहती हूं। उस रेडियो संबोधन के सात साल बाद आज समाज में विकलांग व्यक्तियों के प्रति लोगों के नजरिए में बदलाव साफ नजर आ रहा है। 'मन की बात' हमारे प्रधानमंत्री को सीधे जनता से जोड़ती है जहां वे इस मुद्दे पर विस्तार से बोलते हैं और इससे व्यक्तियों और संगठनों को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक काम करने की ऊर्जा मिलती है। इसने सभी क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के बारे में सार्वजनिक धारणा को बदलने में मदद की है, चाहे वह मीडिया, शिक्षा या खेल हो, जिसके लिए कई पैरालंपियनों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया है।

नवप्रवर्तन के लिए विचारों को आमंत्रित करने से लेकर, जो दिव्यांगजनों को उनके लिए मौजूदा पहलों और नीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं, प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालने के लिए अक्सर 'मन की बात' के मंच का उपयोग करते हैं। यहां तक कि देश में की जा रही छोटी से छोटी अभिनव और प्रेरक पहल को भी उनके द्वारा अपने रेडियो संबोधन में सामने लाया जाता है। उदाहरण के लिए मस्कुलर डिस्ट्रॉफी का उदाहरण लें, एक वंशानुगत विकार जो मांसपेशियों के द्रव्यमान के क्रमिक नुकसान का कारण बनता है, जिसे 27 नवंबर, 2022 को प्रसारित 'मन की बात' के 95वें एपिसोड में हाइलाइट किया गया था, जहां प्रधानमंत्री ने हमारे संस्थान इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के बारे में बात की थी जिसने बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने में अद्भुत काम किया था। हालांकि अभी लंबा रास्ता तय करना है, लेकिन विकलांग व्यक्तियों के जीवन और अधिकारों में नई दिलचस्पी हमें सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

यह परिवर्तनकारी 'मन की बात' कार्यक्रम 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रहा है। मुझे उम्मीद है कि यह मंच आने वाले समय में भी समावेशी भारत के सपने को साकार करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनमें अधिक जागरूकता की आवश्यकता है, वे हैं 'यूनिवर्सल डिजाइन' ताकि दिव्यांगजनों तक पहुंच बढ़ाई जा सके, कार्यस्थल में दिव्यांगजनों के लिए एक समान अवसर बनाने के लिए 'समुचित समायोजन' का दृष्टिकोण, और संभावित स्टार्टअप और इनोवेटर्स के लिए बाजार पहुंच के पर्याप्त अवसर को बढ़ावा देना सहायक टच (एटी) क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए इसकी मांग बढ़ रही है।

'एक पृथ्वी - एक परिवार - एक भविष्य' विषय के साथ जी20 में भारत की अध्यक्षता प्रगति और विकास के आसपास की चर्चाओं में विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने को प्राथमिकता देने का अवसर प्रस्तुत करती है। यह भारत को समावेशिता और पहुंच को बढ़ावा देने में एक वैश्विक पथ प्रदर्शक के रूप में स्थापित करेगा, क्योंकि अपनी शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर भारत के लिए यह एक महान लक्ष्य है। इसके लिए, यह सुझाव दिया जाता है कि साल भर चलने वाले अभियान को लागू किया जाए, जिसमें हर महीने की 11 तारीख को 'विकलांगता के लिए विशेष दिन' के रूप में नामित किया जाता है। यह दिन विकलांग व्यक्तियों को नौकरियों की पेशकश, साहस और पहल की कहानियों को साझा करने और इस विचार को शुरू करने के लिए 'मन की बात' का बेहतर मंच के रूप में जश्न मनाने और समर्थन करने का अवसर होगा। सांकेतिक तिथि के रूप में 11 का चुनाव इस अवधारणा को दर्शाता है कि छोटे प्रयास जब संयुक्त होते हैं तो महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार, विकलांगता अधिकारों और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए हर योगदान मूल्यवान है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।

मैं 'मन की बात' की आगामी 100वीं कड़ी और राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर हमारे प्रधानमंत्री के ज्ञान के शब्दों को सुनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि सरकार द्वारा हम सबमें 'कर सकते हैं' की भावना जगाने वाले कदमों की चर्चा 'मन की बात' में और उसके माध्यम से होती रहेगी, ताकि पूरा देश समावेशी भारत के निर्माण के लिए उत्साह, प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'पंच प्राण' को पूरा करते हुए, इससे ओत-प्रोत हो सके, क्योंकि हम 'अमृत काल' में प्रवेश कर चुके हैं।

**(नोट : राष्ट्रीय दिव्यांगजन रोजगार संवर्धन केंद्र से इनपुट, लेखिका इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी की अध्यक्ष हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# विद्यालयों में जलापूर्ति योजनाओं के संचालन में कोताही बरतने को लेकर डीसी ने किया शोकॉज




**चाईबासा उपायुक्त ने की डीएमएफटी क्रियान्वित योजनाओं से संबंधित समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट का क्रियान्वित योजनाओं से संबंधित सभी कार्यकारी एजेंसी के अभियंताओं की उपस्थिति में जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया डीएमएफटी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 की कुछ योजनाएं लंबित है। शेष वित्तीय वर्ष में संचालित योजनाओं को पूरा कर लिया गया है।

उपायुक्त ने विद्यालयों में जलापूर्ति योजनाओं के संचालन में कोताही बरतने व लंबे समय से योजना को लंबित रखने पर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चाईबासा व चक्रधरपुर से कारण पूछा। उन्होंने ने डीएमएफटी से संचालित योजनाएं जो पूर्ण हो चुकी है उसके संचालन निमित्त कार्यकारी एजेंसियों को उपलब्ध करवाए गए एकरारित शेष बचा राशि को वापस डीएमएफटी सेल में जमा कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त संदीप बख्शी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती पारुल सिंह, विभिन्न कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विधायक मंगल कालिंदी ने घोड़ाबांदा क्षेत्र का किया दौरा

**क्षेत्र की जनता की समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत घोड़ाबांदा क्षेत्र का विधायक मंगल कालिंदी ने दौरा किया। बुधवार को दौरे के दौरान स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

स्थानीय लोगों ने घोड़ाबांदा के अभिलाषा फ्लैट से जाहेर के मुख्य मार्ग में जाने वाली जर्जर सड़क एवं ट्रांसफॉर्मर की समस्या के समाधान के लिए विधायक से आग्रह किया।

मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने तत्काल विद्युत विभाग के जीएम से वार्ता कर ट्रांसफार्मर की समस्या का समाधान करवाया। वहीं एक सप्ताह के अंदर 350 फीट सडक निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। समस्या का समाधान होता देख स्थानीय लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर देव गोराई, रजत प्रसाद, सुनील गोराई, जयराम महतो, अजित लोहार सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सरायकेला डीसी ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, रख-रखाव का लिया जायजा



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरवा राजकमल ने बुधवार को सरायकेला सामुदायिक भवन में बने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। जहां उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह से ली। उन्होंने वहां रखी ईवीएम, सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्रैमासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। उपायुक्त अरवा राजकमल ने निरीक्षण करते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को इसका प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

# कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में आदित्यपुर थाना के दो सब इंस्पेक्टर सस्पेंड

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां के आदित्यपुर थाना अंतर्गत में पदस्थापित दो सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। सस्पेंड होने वाले दो सब इंस्पेक्टरों में राजीव कुमार और अखिलेश कुमार शामिल हैं। इनके खिलाफ कार्य में लापरवाही बरतने की शिकायत की गयी थी, जिसकी जांच की गयी। जांच में दोनों अधिकारी दोषी पाये गये। इस जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों ही सब इंस्पेक्टर को सरायकेला-खरसावां के एसपी आनंद प्रकाश ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। ये दोनों पदाधिकारी पहले कांड्रा थाना में पदस्थापित थे।

# नये ड्राइविंग लाइसेंस या रिन्यूअल के लिए 23 अप्रैल से 2 मई तक लगेगा शिविर

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर में नया ड्राइविंग लाइसेंस बनाना हो या पुराने का रिन्यूअल कराना, साथ ही टैक्स जमा करने में कोई समस्या आ रही हो तो जमशेदपुर जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 23 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित किये जाने वाले कैम्प में शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। जमशेदपुर की उपायुक्त विजया जाधव के आदेशानुसार लगाए जा रहे कैम्प को लेकर पांच स्थान चिन्हित किये गए हैं। प्रत्येक स्थान पर दो दिनों का यह शिविर होगा। 23 एवं 24 अप्रैल को मानगो नगर निगम कार्यालय, 25 एवं 26 अप्रैल को जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत साकची बस स्टैंड, 27 एवं 28 अप्रैल को जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय, 29 एवं 30 अप्रैल को घाटशिला अनुमंडल कार्यालय तथा 01 एवं 02 मई को सिदगोड़ा टाउन हॉल में कैम्प का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा कैम्प के सफल आयोजन को लेकर जमशेदपुर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) को निर्देश दिए गए हैं साथ ही जिलेवासियों से अपील की गई हैं कि परिवहन कार्यालय द्वारा लगाए जा रहे इस कैम्प में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं।

# भूमिज विद्रोह के महानायक शहीद गंगा नारायण सिंह जयंती पर सांस्कृतिक समारोह 25 अप्रैल को

**पोटका के जुड़ी पंचायत अंतर्गत रोलाघुटू में आंग मेस्काल आहला क्लब रोलाघुटू की ओर से कराया जायेगा कार्यक्रम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भूमिज विद्रोह के महानायक वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 233वां जयंती समारोह 25 अप्रैल को पोटका के जुड़ी पंचायत अंतर्गत तिरिंग टोला रोलाघुटू में आंग मेस्काल आहला क्लब रोलाघुटू की ओर से धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर सुबह को जयंती समारोह के साथ-साथ शाम को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्र से आदिवासी सांस्कृतिक दल भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों जोर-शोर से की जा रही हैं। बुधवार को स्थल निरीक्षण के पश्चात आयोजन को लेकर आंग मेस्काल आहला क्लब के अध्यक्ष सह जुड़ी पंचायत के मुखिया सुकलाल सरदार एवं सचिव सह पोटका के उप-प्रमुख उर्मिला सामद ने कहा कि आयोजन के तहत सुबह 10 बजे आम गोड़ा मैदान में वीर शहीद गंगानारायण सिंह को श्रद्धांजलि दी जायेगी। जिसके पश्चात दोपहर को प्रसाद वितरण किया जायेगा, जबकि शाम चार बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। जिसमें आसपास क्षेत्र के आदिवासी सांस्कृतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान मुख्य रूप से आनंद सरदार, छुटनू सरदार, मानिक चंद्र सरदार, शुष्णु सरदार, विश्वजीत सरदार, कालका सरदार, सुमी सरदार, सुमन सरदार, प्रधान सरदार, मंगल सिंह सरदार उपस्थित थे।

# कुणाल षाड़ंगी ने नरसिंहगढ़ कालिंदी पाड़ा का किया दौरा

**जल संकट मिटाने के लिए अधिकारियों से की बात, बस्ती के चार दृष्टिहीनों के बीच स्मार्ट स्टिक का किया वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने धालभूमगढ़ प्रखंड के पावडा नरसिंहगढ़ पंचायत के कालिंदी पाड़ा का दौरा किया। इस दौरान वे ग्रामीणों से मिले एवं उनकी समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने उन्हें भीषण गर्मी में हो पीनी की हो रही दिक्कत की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 100 परिवार पेयजल के लिए एकमात्र चापाकल के भरोसे हैं।

कुणाल षाड़ंगी ने पेयजल विभाग के अभियंता सुनील दत्त से फोन पर बात कर उन्हें ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। सुनील दत्त ने कहा कि वह आज ही गांव का दौरा करेंगे एवं ग्रामीणों की समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो जायेगा। समजसेवी विमल कालिंदी के आग्रह पर कालिंदी पाड़ा के दृष्टिहीन सुनिया माहली, अजय कालिंदी, कलना कालिंदी और गोलोक कालिंदी को वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन की ओर से स्मार्ट स्टिक मुहैया कराई गयी। स्मार्ट स्टिक मिलने से अब उनका जीवन आसान हो जायेगा। स्मार्ट स्टिक पाकर उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। सभी ने पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, वल्लभ यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में संस्था ने उनकी परेशानी समझते हुए जो मदद की है, उसे वे कभी नहीं भूलेंगे।

मौके पर अजय साह, विमल कालिंदी, विमल मुंडा, सुकू कालिंदी, माणिक कालिंदी, संजू कालिंदी, राम कालिंदी, विष्णु कालिंदी, आदित्य कालिंदी, शिशिर कालिंदी, शीतल कालिंदी, अनीता कालिंदी, गंगा कालिंदी, मिनी कालिंदी समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

## नगर परिषद ने चौक-चौराहों पर राहगीरों के लिए की पनशाला की शुरुआत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में बढ़ते भीषण गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा वार्ड संख्या 21 में पुरनचंद चौक के पास पनशाला की शुरुआत की गयी। जहां लगभग हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता है। भीषण गर्मी को देखते हुए स्थानीय लोगों की भी मांग थी। मौके पर सार्वजनिक जल मीनार का उदघाटन नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी एवं वार्ड पार्षद 21 रिंकू कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से विशेष पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर किया गया। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में चापाकल में पानी का लेयर नीचे चले जाने के कारण पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। जिसके बाद उक्त चापाकल में भरपूर मात्रा में पाइप डालकर तथा समरसेबल के साथ स्टैंड पर टंकी लगाकर नल दिया गया है। जिससे कि इस चौक पर आने वाले राहगीरों तथा चौक के अगल-बगल के दुकानदारों एवं स्थानीय घर के लोगों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी द्वारा बताया गया कि नगर परिषद गढ़वा क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी ऐसी समस्या हो तो वहां पर भी चापाकल में समरसेबल एवं टंकी लगाकर वहां के लोगों को पानी नगर परिषद गढ़वा की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके शंभू ठाकुर मुन्ना ठाकुर, सोनू केसरी, शुभम केसरी, कलिंदा देवी, लाल परी देवी, मीरा देवी, राधिका देवी, ममता देवी, केशरी देवी, कंचन देवी, कोशिला देवी आदि लोग मौजूद थे।

## दुगोला कार्यक्रम में रमकंडा के बाबूलाल यादव और खपरो के मनोज भारती ने श्रोताओं को रातभर झुमाया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम खरडीहा रविदास मोहल्ला में अंबेडकर युवा क्लब के तत्वावधान में सोमवार को चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रंका प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, झामुमो प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, प्रखंड युवा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंचायत समिति सदस्य नौशाद अंसारी, पूर्व मुखिया पारसनाथ पांडेय, पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, लवली उरांव, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, इस्राफील खलिफा, शिव चंद यादव, बुधन यादव ने बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से 21,000 रुपए सहयोग राशि की गयी। इस दुगोला सांस्कृतिक चैता कार्यक्रम में रमकंडा के व्यास बाबूलाल यादव एवं खपरो के व्यास मनोज भारती के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों व्यासों ने भक्ति रस, वीर रस, श्रृंगार रस आदि से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर लोगों को रात भर झूमने पर विवश कर दिया और खूब मनोरंजन किया। मौके पर संरक्षक शिक्षक इंद्रदेव राम, अंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष जेपी भारती, मोहन यादव, बब्लू तिवारी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए रंका पुलिस ने तीन स्थानों पर की पनशाला की शुरुआत



**रंका (आजाद सिपाही)।** भीषण गर्मी को देखते हुए रंका अनुमंडल मुख्यालय के तीन स्थानों पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार एवं रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से मंगलवार को तीन पनशाला का शुभारंभ किया। यह पनशाला रंका थाना मोड़, रंका मुख्य बाजार और चेक नाका पर राहगीरों को प्यास बुझाने के लिए चालू किया गया है। इस अवसर पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर राहगीरों को प्यास बुझाने के उद्देश्य से तीन स्थानों पर पनशाला का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर और पनशाला की शुरूआत की जा सकती है। रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच में दूरदराज से आए हुए लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़े,इसी बात को ध्यान में रखते हुए भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर तीन प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। मौके पर रंका कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, खरडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, संवेदक विजय चंद्रवंशी, गोपाल पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** भाजयुमो ने युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में राज्य सरकार का पुतला फूंका

# राज्य सरकार छात्रों और युवाओं के साथ तानाशाही कर रही है : ओमप्रकाश केशरी

**झामुमो सरकार 60:40 मामले में दोहरी नीति अपनाकर युवाओं को रोजगार के नाम पर भटकाने में लगी हुई है : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव कर रहे छात्रों और युवाओं पर 17 अप्रैल को बर्बरतापूर्ण लाठी चार्ज मामले को लेकर रंका मोड़ चौक गढ़वा में राज्य सरकार का पुतला फूंका।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार छात्रों और युवाओं के साथ तानाशाही रवैया अपना रही है। जिस तरह से 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर रहे छात्रों युवाओं को बुरी तरह से पीटा गया, इससे अंग्रेजी हुकूमत की याद ताजा हो गई है। झामुमो सरकार ने चुनाव पूर्व वादा किया था कि सत्ता में आने पर हर वर्ष पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे अन्यथा पांच से सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन सत्ता मिलते ही झामुमो सरकार सारे वादे को भूल गयी। उन्होंने कहा कि जब छात्र युवा को अपना भविष्य की चिंता होती है तो झारखंड के युवाओं को अपना भविष्य अंधकारमय लगता है। वर्तमान की झामुमो सरकार ने युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि जब भी युवा अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते हैं तो उन्हें झामुमो सरकार के द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। झारखंड में युवाओं का भविष्य झामुमो सरकार समाप्त करने पर तुली हुई है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार 60/40 मामले में दोहरी नीति अपनाकर युवाओं को रोजगार के नाम पर भटकाने में लगी हुई है। लेकिन झारखंड के छात्र युवा अब समझ चुके हैं कि झामुमो सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला सहीत पूरे झारखंड के युवाओं ने झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास घेराव करने वाले छात्रों को बुरी तरह से दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया। जो झामुमो सरकार की तानाशाही रवैया को दर्शाता है। छात्र युवाओं के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा था लेकिन हेमंत सरकार द्वारा आंदोलन को कुचलने की नियत से छात्रों युवाओं को घेरकर लाठी डंडे से मारा गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करने का संवैधानिक अधिकार है। कार्यक्रम में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, अविनाश पासवान, मीडिया प्रभारी नवीन जायसवाल, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, विकास तिवारी, बिपिन तिवारी, प्रिंस तिवारी, भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, टिंकू गुप्ता, रविंद्र जयसवाल, उदय कुशवाहा, दीपक तिवारी, अजीत तिवारी, यशवंत मिश्रा, कंचन कुमार, प्रवीण जायसवाल, निखिल उपाध्याय, अमित तिवारी, नंदु चौधरी, लव कुशवाहा, अनीत तिवारी, डॉ लाल मोहन, दीपक चौधरी, अरविंद धर दुबे, राजीव रंजन तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गढ़वा की बेतहाशा गर्मी पर भारी पड़ा, फुटबॉल खिलाड़ियों का जुनून

**दो दिवसीय फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सेलेंस केंद्र के चयन के लिए प्रथम दिन गढ़वा से 79, पलामू से 13 और लातेहार से 9 खिलाड़ी हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एवम बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन शिविर का पहला दिन कड़ी धूप के बाद भी सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए फुटबॉल खिलाड़ी।

लातेहार के चंदवा और महुआडांड़ से चयन में भाग लेने गढ़वा पहुंचे बालक बालिका फुटबॉल खिलाड़ी। चयन में शामिल खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवं फुटबॉल स्किल टेस्ट लिया गया। जिसमें बैट्री टेस्ट अन्तर्गत ऊंचाई, वजन, 30 मीटर, 6 गुणा, 10 मीटर सटल रनिंग, बॉल थ्रो, 800 मीटर, वर्टिकल जंप, स्किल टेस्ट के अंर्तगत ड्रिबलिंग, जैगलिंग, बॉल कंट्रोलिंग, विथ बॉल रनिंग एंड टर्निंग, विथ बॉल जिग जैग मूवमेंट, मैच सिचुएशन गेम्स समेत कई तरह के टेस्ट लिए गए। अंतिम रूप से चयनित (बालक/बालिका) खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। चयन करने के लिए चयन समिति के देवेन्द्र कुमार सिंह, खेल परामर्शी सह प्रतियोगिता प्रबंधक साझा, मो सलीम, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा, अजय सुभाष तिर्की, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, गिरिडीह, योगेश प्रसाद यादव, आवासीय एथलेटिक प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज, सतीश मिंज सहायक प्रशिक्षक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र गुमला, रामा शाहू हाई स्कूल के मैदान में डटे रहे और खिलाड़ियों का चयन परीक्षण किया।

मौके पर रांची से आई खेल विभाग की टीम को गढ़वा के कुश्ती कोच शैलेंद्र पाठक, लल्लन पहलवान, एथलेटिक्स कोच अरविंद दूबे, रामा शंकर सिंह, वॉलीबॉल कोच प्रभात रंजन तिवारी, खेल कार्यालय गढ़वा के कंप्यूटर ऑपरेटर ललन कुमार, आदेशपाल कुश कुमार, विनोद कुमार, अमित कुमार, कंचन ठाकुर, जेम्स बड़ा, ओम प्रकाश गुप्ता विधायक प्रतिनिधि खेलकूद गढ़वा सहयोगी के रूप में उपस्थित थे। उक्त जानकारी शैलेंद्र पाठक द्वारा दी गई।

## एटीएम से पैसा उड़ानेवाला अपराधी गिरफ्तार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र में एक्सिस बैंक के एटीएम से बीते 14 अप्रैल को तीन लाख 39 हजार रुपए उड़ने के मामले को लेकर मेराल थाना क्षेत्र के रामदुलार साव के पुत्र सुशील कुमार के द्वारा लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया गया था। उक्त आवेदन के आधार पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ एवं पुलिस निरीक्षक का थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर बिहार के फतेहपुर जिला से पिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 14 अप्रैल को शुशील कुमार नामक व्यक्ति के द्वारा एक्सिस बैंक के एटीएम से पैसा निकालने के दौरान एटीएम में कार्ड फंस गया था। जिसे वहां पास खड़े उचक्के ने बैंक में जाकर इसकी शिकायत करने की सलाह दी। शुशील के बैंक में जाते ही सुशील कुमार के एकाउंट से तीन लाख 39000 रुपए निकासी कर ली गई। घटना होने पर उसके द्वारा लिखित आवेदन सदर थाने में दिया गया था। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्त को बिहार के फतेहपुर जिले से गिरफ्तार किया गया एवं आज उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के संदर्भ में युवक से पूछताछ के क्रम में अपना संलिप्तता स्वीकार किया गया। उसके पास से 42 हजार रुपए नगद एवम यस बैंक का एटीएम कार्ड। रियल्मी का मोबाइल बरामद हुआ है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, परवीन कुमार, अशोक कुजूर, चन्देश रवि, विपिन प्रधान शामिल थे।

## मकान में आग लगने से सारा सामान जल कर राख

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिपरिकला निवासी जगजीत प्रजापति का खपरैल मकान में अचानक आग लगने से घर जल कर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह जगजीत प्रजापति के घर से धुआं निकल रहा था। आग लगने से घर में रखे अनाज, एलईडी टीवी, वासिंग मशीन, फ्रिज, मिक्सी मशीन, कूलर, कपड़ा नगद 76 हजार सहित अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर राख हो गया है। घर में आग लगने से लगभग पांच लाख रु. की क्षति बताई गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की समय घर के सभी परिवार गांव में गए थे। घर पर कोई नहीं था। इधर घर जल जाने से अब रहने का कोई साधन नहीं है। इस मकान में पांच परिवार रहते थे। सभी परिवार अपने अधूरा पीएम आवास के गलियारे में रहने को मजबूर हैं।

## सत्याग्रह जनसभा कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस ने किया समाहरणालय का घेराव



**कार्यक्रम में समान विचार धारा वाले दलों जैसे झामुमो, राजद, भाकपा माले के भी नेता कार्यकर्ता हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बुधवार को समाहरणालय का घेराव व सत्याग्रह जन सभा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। कार्यक्रम में समान विचार धारा वाले दलों जैसे झामुमो, राजद, भाकपा माले के भी नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा की आज देश दो धाराओं में बह रहा है एक समाजवाद गांधीवाद, और दूसरा गोडसेवाद हम लोग गांधीवादी विचार धारा को मानने वाले लोग हैं। झामुमो के ज़िला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ईडी व सीबीआइ का भय दिखाकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है और जहां जहां भी विपक्षी दलों की सरकार है वहां की सरकारों को अपदस्त करने की साजिश की जा रही है। राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की एक साजिश के तहत सदस्यता चली गई उससे से ये साबित होता है कि इस देश में गांधीवादी विचारधारा को ठेस पहुंचायी जा रही है। भाकपा माले नेत्री सुषमा मेहता ने कहा कि इस देश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि आज संविधान खतरे में है। प्रदेश महासचिव आशिक अंसारी ने कहा भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी जी को लोगों का जन समर्थन मिला उससे पूरी तरह भाजपा घबराई हुई है। प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ हिंदू और मुसलमान करके और लोगों को बांट कर राज करना चाहती है। वरिष्ठ कांग्रेसी अमृत शुक्ला ने कहा कि इसी भारत में पहले भी कई सांसदों की सांसदी गई लेकिन आज तक सरकारी बंगले में रह रहे हैं लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी की सांसदी जाने के एक दिन बाद ही बंगला खाली करवा दिया गया। मौके पर जेएमएम के जिला सचिव मनोज ठाकुर, वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, जेएमएम गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फूजेल खान, मेरल अध्यक्ष दशरथ साव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदय नारायण तिवारी, जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे, सुशील कुमार चौबे, राजेश कुमार रजक, जे खान, जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सतेन्द्र पांडेय, शिव प्रसाद गुप्ता, जिला सचिव आसिफ खान, दिवाकर चौबे, खुर्शीद आलम, बिमला देवी, इलयास अंसारी, धुरकी प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्रनाथ चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, नगर प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष नंदलाल पाठक, भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष निर्मल ठाकुर, केतार प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता शरवन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव पांडेय प्रदीप शर्मा ने किया। घेराव कार्यक्रम के बाद महामहिम के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा गया

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– शुद्धि पत्र दिनांक–

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **338/2022-23/RWD/CHATRA,** दिनांक– **31.03.2023**, PR No.- **294154** द्वारा प्रकाशित निविदा में Double F2 Bid Document के कंडिका 5(b) में जमा करने के अंतिम तिथि एवं समय 10.04.2023 से 26.04.2023 अपराह्न 3:30 के स्थान पर **11.04.2023 से 27.04.2023 अपराह्न 3.30** पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है।

अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 295521Rural Work Department(23-24)#D

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **338/2022-23/RWD/CHATRA,** दिनांक– 31.03.2023, PR No.- **294154** द्वारा प्रकाशित निविदा में क्र0सं0– 03 में कार्य समाप्ति की अवधि 18 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है।

अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 295456 Rural Work Department(23-24)D

**बैठक :** बिरगड़ और रमकंडा प्रखंड सभागार में उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

# पीएम आवास लंबित रखनेवाले लाभुकों को अन्य योजनाओं से किया जायेगा वंचित

**अस्पताल में प्रतिनियुक्त डाक्टरों को निर्धारित तिथि पर बॉयोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़गड़/रामकंडा/भंडरिया।** बड़गड़ एवं रमकंडा प्रखंड सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर ने अलग-अलग बैठक कर बड़गड़, भंडरिया एवं रमकंडा प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से बीपीडीपी, मनरेगा, पंचायती राज, 15वें वित्त, आपूर्ति, आंगनबाड़ी, मुसहर परिवारों को दिए गए लाभ, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), स्वास्थ्य सुविधाएं, जेएसएलपीएस, प्रज्ञा केंद्र, पंचायत भवन में विद्युत आपूर्ति, वनाधिकार पट्टा समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने क्षेत्र में संचालित सभी योजनाओं को समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं को रोजगार से जुड़ने के लिए उनके साथ बैठक कर समूह की दीदियों को कार्य कराने का निदेश डीपीएम एवं बीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य सरकारी योजना लंबित रखने वाले लाभुक की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने भविष्य में सभी सरकारी योजनाओं से वंचित रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उन लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा, क्योंकि उनके कारण कार्य बाधित हो रहा है फलस्वरुप विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बैठक में सभी प्रकार के प्रमाण पत्र जो लंबित हैं उन्हें देखकर ससमय निर्गत करने का निर्देश दिया गया। किसी भी हाल में जाति, निवास, ईडब्ल्यूएस एवं अन्य प्रमाण पत्र पेंडिंग नहीं रखने का निर्देश दिया गया। ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गयी कि डॉक्टर निर्धारित तिथि या नंबर से नहीं बैठते हैं, जिस कारण मरीजों को इलाज में समस्या होती है। जिसपर उपायुक्त ने निर्देश दिया गया कि अस्पताल के डॉक्टर जिस दिन जहां प्रतिनियुक्त हैं वे निर्धारित तिथि को प्रतिनियुक्त कार्यालय में बॉयोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे। चापाकल मरम्मत के लिए पेयजल कार्यालय द्वारा सभी प्रखंड में एक टेक्निकल और तीन मजदूर एक वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिससे ससमय क्षेत्र में चापाकल मरम्मत कराई जा सके।

बैठक में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया, प्रखंड 20 सूत्री सदस्य, पंसस, जिप सदस्य समेत एसडीओ रंका, ईओ पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी परियोजना पदाधिकारी, सभी सहायक परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), डीपीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

कार्यालय जिला परिषद,हजारीबाग

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 06/2023–24

दिनांक 18/04/2023

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डाडी | आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय, गिद्दी 'ए' बालक का उन्नयन कार्य। | 14101200.00 | 10000.00 | 283000.00 | एक वर्ष |
| 2 | कटकमदाग | मध्य विद्यालय, सुलताना का उन्नयन कार्य। | 8231700.00 | 10000.00 | 165000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 27.04.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 27.04.23 से 05.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 06.05.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिषद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 295508 District(23-24).D

# राज्यपाल 21 अप्रैल को बिशुनपुर में कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर दिए कई निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 21 अप्रैल को एक दिवसीय गुमला जिला के दौरा पर रहेंगे। राज्यपाल विकास भारती बिशुनपुर द्वारा बिशुनपुर में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस बाबत गुमला एसपी डॉ एहतेशाम वकारीब, डीडीसी हेमंत कुमार सती, एसडीओ रवि जैन सहित अन्य अधिकारियों ने बिशुनपुर पहुंचकर संभावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में सभी संवेदनशील मार्गों और कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा संबंधित व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। राज्यपाल सड़क मार्ग से बिशुनपुर पहुंचेंगे। एसपी ने मुख्य कार्यक्रम स्थल का भी जायजा लिया साथ ही विकास भारती बिशुनपुर के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ताओं से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की। विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। मुख्य मंचीय कार्यक्रम हेतु पंडाल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, अंचलाधिकारी धनंजय पाठक, थाना प्रभारी बिशुनपुर कुंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी गुर्दरी थाना सदानंद सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने बीडीओ से मिलकर आम बागवानी की आग से जलकर हुई क्षतिपूर्ति की मांग की।



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुगांव और चढ़या गांव के दर्जनों किसानों ने बुधवार को घाघरा बीडीओ विष्णु देव कच्छप के कार्यालय कक्ष पहुंच आम बागवानी की आग से जलकर हुई क्षतिपूर्ति की मांग की। इस क्रम में लिखित आवेदन बीडीओ विष्णु देव कच्छप को किसानों द्वारा सौंपा गया। दिए गए आवेदन में किसानों ने बताया कि कुगांव गांव में लगी 20 एकड़ में आम बागवानी में विगत 14 मार्च 2023 को दिन में 11:00 आग लगी थी, जिससे सभी आम के पौधे जल गए। वहीं किसानों द्वारा बरसात का इंतजार कर देखा गया लेकिन वर्षा होने के बाद भी उक्त पौधों से किसी भी तरह का मंजर नहीं निकला और जो भी पुराने मंजर थे वह खत्म हो गए। लोगों द्वारा विश्वास था कि पानी आने के साथ वह ठीक हो जाएगा, लेकिन सभी लगे पौधे सुख गए। वहीं किसानों ने यह भी बताया कि वह लोग सभी आम बागवानी और कृषि पर ही आश्रित हैं। उनके आम पौधे जल जाने से उन्हें काफी क्षति हुई है। आम की बिक्री से उनका घर का पालन पोषण भी होता था। लेकिन अब उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उचित मुआवजा की मांग भी किसानों द्वारा की गई है। वहीं बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा कि जांच के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी। आवेदन सौंपने वाले ग्रामीणों अभिमन्यु सिंह, बलकवती कुजूर, सोमरा उरांव, कलेश्वर उरांव, पुनई उरांव, बहुरा भगत, बिरी उरांव सहित कई किसान शामिल थे।

# अज्ञात वाहन के धक्के से युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के सुकराहातु गांव निवासी स्व. बंधा उरांव के पुत्र अजय उरांव को तेतरडीपा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में अजय उरांव को सिर, हाथ, गला और पेट पर गंभीर चोट पहुंची। जिसे कुछ राहगीरों ने सहारा देकर उठाया और तत्काल इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में पीड़ित का उपचार जारी है। वहीं घायल अवस्था में अजय उरांव ने बताया कि वह किसी काम को लेकर साइकिल से गुमला जा रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

# पेड़ से गिर कर महिला की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हेलता जाम टोली निवासी सुनीता देवी 23 वर्ष की मौत पेड़ से गिरने से हो गई। बताया जाता है कि बुधवार दोपहर जंगल से लकड़ी लाने वह पास के जंगल में गई थी, जहां एक सूखा पेड़ से लकड़ी काट रही थी तभी अचानक सूखा पेड़ नीचे से गिर गया। जिससे सुनीता खाई में जा गिरी। सुनीता के सीने में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जंगल गये अन्य लोगों के द्वारा घटना की सूचना सुनीता के परिजनों को दी गयी जिसके उपरांत परिजन घटनास्थल पहुंचकर आनन-फानन में सुनीता को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना उपरांत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि सुनीता का डेढ़ वर्ष का एक छोटा बच्चा है। पति सुधीर उरांव काम करने राज्य से बाहर गए हुए हैं।

## प्रदर्शन : जय भारत सत्याग्रह के तहत कांग्रेसियों ने किया समाहरणालय का घेराव

# केंद्र सरकार के विरुद्ध जम कर गरजे कांग्रेसी

**राहुल गांधी की गलत तरीके से संसद सदस्यता रद्द की गयी जो घोर निंदनीय है : चैतु उरांव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत कांग्रेसियों ने गुमला समाहरणालय का घेराव किया। इस कार्यक्रम की अगुवाई जिला अध्यक्ष चैतु उरांव कर रहे थे। इस मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि राहुल गांधी की गलत तरीके से संसद सदस्यता रद्द की गयी जो घोर निंदनीय है।

जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने विरोध में कांग्रेस पार्टी के संकल्प को व्यक्त करते हुए कहा कि हमें मोदी, अडानी द्वारा जनता का धन और देश के धन की लूट के खिलाफ लोगों की आवाज बनना है। राहुल गांधी को सिर्फ टारगेट किया जा रहा है। असली मकसद अडानी को बचाना है। आज हम सभी का एक ही सवाल है अडानी कंपनी में 20000 करोड़ किसका है। कुछ दिन पहले संसद में राहुल गांधी और खड़गे के भाषणों के हिस्सों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया और अडानी या जेपीसी की मांग पर आगे की चर्चा से बचने के लिए भाजपा ने जानबूझकर संसद बाधित करना शुरू किया। भाजपा के मंत्रियों ने मनगढ़ंत आरोप लगाकर संसद में राहुल गांधी के खिलाफ हमला बोलना शुरू किया। राहुल गांधी ने लिखित और मौखिक रूप से तीन बार लोकसभा के अध्यक्ष से उन मंत्रियों के आरोपों पर बोलने देने के लिए अनुरोध किया लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। इससे साफ होता है कि मोदी नहीं चाहते कि अडानी के साथ उनका जो रिश्ता है वह और उजागर हो। बीजेपी का संदेश साफ है अगर आप हमारे गलत कामों पर सवाल उठाएंगे तो हम आपको टारगेट करेंगे। जब से राहुल गांधी राजनीति में हैं उन्होंने हमेशा किसानों की आवाज उठाई है।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल सीधे लोगों के पास गए उनकी समस्या सुनी महंगाई बेरोजगारी, सामाजिक, ध्रुवीकरण और अडानी एवं कुछ अन्य पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए संस्थाओं पर कब्जा जैसी समस्याएं मुख्य रूप से हमारे नेता के सामने आयी, हम लोग इन मुद्दों को उठाते रहेंगे और सीधे लोगों को अपना संदेश पहुंचाते रहेंगे।

जय भारत सत्याग्रह समाहरणालय घेराव में प्रदेश सचिव अखिल रहमान, महिला अध्यक्ष अमृता भगत, सदर प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, राजू रंजन महतो, अल्बर्ट तिग्गा,हंदु भगत, विशुन राम, कृष्णा उरॉव खालिद साह, मोहम्मद कलाम आलम, शाहिद वारसी, मुख्तार आलम, भैया राम उरांव, रामनिवास प्रसाद दीपक कुमार ,मधिया उरॉव, जासमीन लुगुन, क्रिस्टीना तिर्की, सिता देवी, मोहम्मद सदाब सुनिल उरॉव और कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में आपसी सौहार्द्र से मनायें ईद का पर्व : डीएसपी

**ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** ईद पर्व को लेकर थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक हुई। इस मौके पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष दीप नारायण उरांव, मुख्यालय डीएसपी मनीष चंद्र लाल, अंचल पदाधिकारी केएन मुंडू, थाना प्रभारी विनोद कुमार व विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

मौके पर डीएसपी गुमला मनीष कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि पवित्र रमजान के बाद ईद का त्यौहार हमारे मुस्लिम भाइयों को ईश्वर अल्लाह की तरफ से तोहफा के तौर पर मिलेगा। ऐसे में हम सभी लोग ईद की खुशी में सारे लोगों को गले लगा कर ईद मनाएंगे। गुमला अमन के शहर के तौर पर विख्यात है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें युवाओं को अपने धर्म के बारे में सही जानकारी देने की जरूरत है जो अपने धर्म को सही सही समझ लेगा वह दूसरे धर्म का अनादर कभी नहीं करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि गुमला वासी इसी तरह आपस में सौहार्द बनाए रखेंगे। ईद हमें प्रेम और सद्भावना का सबक देता है। इस मौके पर अंचल अधिकारी केएन मुंडू थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन आप लोगों के द्वारा शांति समिति में जिन समस्याओं को रखा गया है उसे जिला प्रशासन के सहयोग से किया जाएगा थाना प्रभारी ने कहां की हम सबको नव युवकों युवा पीढ़ियों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है युवा किसी भी समाज के रीढ होती है। मौके पर समाजसेवी रमेश कुमार चीनी ने खासकर जल समस्या को दूर करने हेतु अपना सुझाव रखते हुए कहां की नागफनी नदी पर सप्लाई पानी को सुचारू रूप से सप्लाई करने में हमेशा मशीन खराब होने का रोना रोया जाता है और काफी समय बाहर से जब मिस्त्री आता है तो बनाया जाता है क्यों न जिला प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था हेतु एक और मशीन की व्यवस्था कर ले ताके लोगों को जल समस्या से निजात मिल सके।

मौके पर आशिक अंसारी, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा समीम खान आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यवाहक अंजुमन के पदाधिकारी द्वारा ईद के मौके पर विभिन्न स्थानों पर नमाज से संबंधित समय सारणी तथा पानी बिजली साफ सफाई आदि के बारे में सदस्यों ने शांति समिति की बैठक में विचार रखें।

मौके पर डोमन राम, मोहम्मद मिनहाज, खुर्शीद आलम, शहजाद अनवर हिमांशु आनंद, वार्ड पार्षद रेहान, लाडली खान विनोद कुमार अफसर आलम सरजू प्रसाद साहू सैयदा खातून ज्योति कुमारी प्रीति कुल्लू अमर कुमार, प्रदीप कुजूर, फिरोज आलम, मो. इम्तियाज अशोक लकड़ा, अमन आनंद, सोनू कुमार, बबलू वर्मा, विकास साहू, राकेश कुमार, अमित मंत्री आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन गुमला थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया।

# मिशन बदलाव के प्रयास से चैनपुर बेंदोरा के लालगंज को दो साल बाद मिलेगी बिजली

**ग्रामीणों और युवाओं ने अपार हर्ष जताते हुए मिशन बदलाव टीम का जताया आभार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मिशन बदलाव का महिला जिला सचिव सैयदा खातून एवं नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा और मिशन बदलाव सक्रिय सदस्य प्रीति कुल्लू के नेतृत्व में गांव चलो गावं बदलो अभियान के तहत चैनपुर बेंदोरा लालगंज गावं का दौरा किया था।ग्रामीणों ने बताया था कि डेढ़ सालों से ट्रांसफर खराब है और इसके समाधान को लेकर ग्रामीणों के द्वारा मिशन बदलाव को आवेदन दिया गया था

मिशन बदलाव के सैयदा खातून एवं जयोति वर्मा के द्वारा विधुत कार्यपालक अभियंता गुमला एवं एसडीओ गुमला को ग्रामीणों के मांग पत्र दिया गया था और विभाग को आग्रह भी किया गया था कि बिजली की व्यस्था को सुधारें एवं बेंदोरा के ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति के लिये ट्रांसफरमर प्रदान करें।मिशन बदलाव के सैयदा खातुन एवं ज्योति वर्मा के द्वारा बताया गया कि ग्रामीणों ने विभाग को तीन बार आवेदन दे चुके थे लेकिन ग्रामीणों के आवेदन को लेकर विभागों ने कोई ध्यान नहीं दिया।इसके बाद मिशन बदलाव टीम ने पदाधिकारी को अवगत कराया और समस्याओं का समाधान हो गया और आज ग्रामीणों को ट्रांसफॉर्मर भी दिया गया।

## उपलब्धि : उपायुक्त के प्रयास से गुमला जिले में आ गयी लाइब्रेरी क्रांति

# पढ़ाई अब हर गांव और कस्बों तक पहुंचेगी : उपायुक्त

**गुमला में उपायुक्त की पहल से जिला, अनुमंडल, प्रखंड और पंचायत स्तरीय लाइब्रेरी का किया जा रहा है निर्माण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के चलते पूरे देश के आकांक्षी जिलों में इस जिले ने अव्वल स्थान हासिल किया। जिसके लिए जिले को 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री के हाथों इस कोटि में पीएम अवार्ड मिलने जा रहा है। उपायुक्त सुशांत गौरव के जिन प्रयासों ने जिले को श्रेष्ठ प्रशासनिक कार्यों की श्रेणी में लाते हुए झारखंड के लिए एक इतिहास रचा। उन कार्यों की सूची में लाइब्रेरी क्रांति भी शामिल है।

गुमला जिला एक नक्सल प्रभावी सुदूरवर्ती क्षेत्र है। जहां 65.73 % साक्षरता दर है वहीं यदि महिलाओं की साक्षरता देखे तो 55.90% है जो पुरुषों के अनुपात में लगभग 25 प्रतिशत कम है। उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से यूं तो शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। लेकिन लाइब्रेरी क्रांति की पहल ने देश भर में जिले को एक पहचान देने के साथ साथ जिले वासियों को एक बेहतरीन पढ़ने का माहौल दिया है।

जिले में हर कस्बे एवं गांव गांव तक शिक्षा की पहुंच हो उसके लिए उपायुक्त सुशांत गौरव की पहल से जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, पंचायत स्तरीय लाइब्रेरी का निर्माण



किया जा रहा है। जिले में 159 पंचायत स्तरीय पुस्तकालय, 11 प्रखंड स्तरीय, 3 अनुमंडल स्तरीय एवं 2 जिला स्तरीय (गर्ल्स & बॉयज) पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। टोटो पंचायत स्तरीय लाइब्रेरी में नियमित रूप से पढ़ने आने वाली कक्षा 8वी की छात्रा सोभा कुमारी बताती है कि वो आगे जाकर एक इंजीनियर बनना चाहती है ।जिसके लिए वह आज से ही पढ़ाई को महत्व दे रहीं है। घर पर पढ़ाई का माहौल नहीं होने से एकाग्रता के साथ पढ़ना बेहद मुस्किल होता है। लाइब्रेरी के बन जाने से वे अब अपनी पढ़ाई की नियमितता को बनाए रखती है साथ ही पुस्तकालय में उनके आवश्यकता अनुसार सभी पुस्तके उपलब्ध है जिससे उन्हें बेहद आसानी होती है। पुस्तकालय में एक बेहतर माहौल देखने को मिलता है।

जिला पंचायती राज डीपीएम बताती है कि उपायुक्त सुशांत गौरव के पहल से पूरे जिले के 159 पंचायतों के पंचायत भवनों में पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। पंचायत पुस्तकालय के संचालन हेतु समिति का भी गठन किया गया है। सभी पुस्तकालय में वाइफाई की सुविधा के साथ साथ टीवी भी लगाया गया है। जिसमे कोर्स संबंधित रिकॉर्डेड वीडियो एवं ज्ञानवर्धी चैनलों को चलाए जाते हैं।

घाघरा स्थित महात्मा गांधी प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी में नियमित आने वाली निधि कुमारी बताती है कि वह प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर रहीं है। उक्त लाइब्रेरी के खुल जाने से उनके तैयारी हेतु सभी पुस्तके मिल जाती है जिसे बाहर से खरीद पाना संभव नहीं था। इसके अलावा पुस्तकालय में वाइफाई कनेक्टिविटी के साथ साथ कंप्यूटर लैब भी है जिससे उनका कंप्यूटर क्लास भी हो जाता है। पुस्तकालय में समय समय बड़े अधिकारी एवं शिक्षकों द्वारा मोटिवेशनल क्लास भी लिया जाता है जो हमे आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करता है।

जिले वासियों को तोहफे के रूप में समर्पित इन सभी पुस्तकालयों के निर्माण से न केवल बच्चों में पढ़ाई की एक नई ऊर्जा जगी है बल्कि आने वाले समय में जिले का एक बदलता स्वरूप देखने को मिलेगा। नक्सल प्रभावी क्षेत्र से उठ के जिले को शिक्षा की नगरी गुमला बनाने का उपायुक्त सुशांत गौरव प्रयास है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# बिशुनपुर में स्थानीय नियोजन नीति लागू करने को लेकर छात्र संगठनों का बंद रहा असरदार



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड में 1932 आधारित खतियान के आधार पर स्थानीय नियोजन नीति लागू करने को लेकर विभिन्न छात्र संगठनों का झारखंड बंद बिशुनपुर प्रखंड में असरदार रहा। बॉक्साइट ट्रकों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। वहीं व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद रहे। सरकारी कामकाज में भी बंद का असर देखने को मिला। बंद की सफलता के लिए छात्र सुबह के 9:00 बजे सड़कों पर उतरे और शांतिपूर्ण तरीके से घाघरा नेतरहाट मुख्य मार्ग जाम कर दिया। जिससे सड़कों के दोनों ओर बॉक्साइट ट्रकों की लंबी लाइन लगी रही। वहीं बंद समर्थक छात्रों के द्वारा आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया था। मौके पर महात्मा उरांव, धनेश्वर उरांव, शनि संदीप तिग्गा, रामप्रसाद साहू, लक्ष्मी साहू, आशीष सिंह, भीम बड़ाइक, दीपक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे

# पुसो थाना में ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** पुसो थाना परिसर में बुधवार को ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का ने की। इस दौरान एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल ने कहा कि ईद पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारा व प्रेम के साथ मनायें। हम सभी को एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करते हुए हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व-त्यौहार मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। लोगों की शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा तत्पर है। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। पर्व के दौरान किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, ऐसी किसी अफवाह या असामाजिक तत्वों की जानकारी होने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। वहीं उन्होंने ईद पर्व को लेकर सभी को शुभकामना व बधाई दी। मौके पर प्रमुख मीना देवी, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता, एसआई कफील अहमद, रामेश्वर उरांव, राजबली उरांव सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# ग्राम वन प्रबंधन समिति एवं कार्यकारिणी सदस्यों का प्रशिक्षण सह मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनारी में बुधवार को ग्राम वन प्रबंधन समिति एवं कार्यकारिणी सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बनारी रेंजर अरुण कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वन आप लोगों की संपत्ति है और इसके माध्यम से इसको बिना नुकसान पहुंचाए कई प्रकार के जीविकोपार्जन हो सकता है। उन्होंने कहा कि जंगल में कई प्रकार के औषधि एवं दोना पत्तल से संबंधित रोजगार से लोग जुड़ सकते हैं। इसके लिए वन विभाग ग्रामीणों को हरसंभव मदद करेगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों के बीच दोना पत्तल बनाने की मशीन दी जा रही है। जिससे ग्रामीण जंगलों से पतल तोड़ कर लाएंगे और मशीन के माध्यम से दोना पत्तल बना कर अपना जीविकोपार्जन चलाएंगे। वहीं लाह के लिए भी लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मशीन के माध्यम से कुल 30 महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा केंदु पता, मुर्गी पालन, बांस से रोजगार सहित कई प्रकार के प्रशिक्षण के विषय में लोगों को जानकारी दी गई साथ ही साथ रोजगार से जोड़ने का भी प्रयास किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी वनपाल हीरालाल उरांव, झारखंड वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष दशरथ ठाकुर, रूपेश कुमार, संजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आकांक्षी प्रखंड योजना के तहत पंचायत के सुदृढ़ीकरण को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** आकांक्षी प्रखंड योजना के तहत पंचायत के सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रखंड सभागार में बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बीडीओ ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड डुमरी में योजना का क्रियान्वयन किया जाना है, जिसके संचालन के लिए सभी लोगों को सहयोग करने की जरूरत है। जिसके तहत पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ सहित अन्य योजनाओ को सुदृढ़ करना संभव हो सके। अभी तक कुल 17 कुपोषित बच्चे चिन्हित किए गए हैं। इसके तहत पंचायत स्तर पर पोषण मित्र बनाना है। इन सभी बच्चों को जनप्रतिनिधियों द्वारा एक-एक बच्चों को गोद लेने को कहा गया ताकि उनकी देखरेख सही ढंग से हो सके। आगे कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पढ़ाने के यूनीक सिस्टम को अपनाया जाएगा। जिसके लिए प्रखंड के कटारी, दीना और श्रीनगर जारी का चयन किया गया है। जिसके तहत बच्चे आवाज के माध्यम से जानने और सीखने की कोशिश करें। इसके तहत एएनएम सीएचओ द्वारा 20 से 30 अप्रैल तक एनसी, प्रसव जांच, टीकाकरण का डोर टू डोर सर्वे करना है। साथ ही पंचायत के सभी काम अब पंचायत भवन में ही होना है। इसके लिए भवन में प्रज्ञा केंद्र, पानी, बिजली, शौचालय सहित वहां के सभी व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा। साथ ही भवन की देखरेख के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त किया जाएगा। वहां बैठकर धरातल स्तर पर योजना बनायी जायेगी, जहां आधारभूत संरचना के साथ मूलभूत सुविधाओं पर फोकस किया गया है। बैठक में जिप सदस्य मरियानुस तिग्गा, प्रमुख जीवंती एक्का, उपप्रमुख हबिल टोप्पो, पसस बेला देवी, मुखिया इगनासियुस मिंज, ज्योति बहेर देवी, नीलम एक्का, चेतनलाल मिंज, संजय उरांव, डेविड मिंज, जेई पुनीत एक्का सहित प्रखंड व पंचायत कर्मी, वार्ड सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भगवान परशुराम चौक के नाम पर किया गया बेदानी मोड़ का नामांकरण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बेदानी मोड़ का नाम भगवान परशुराम चौक के रूप में नामांकरण किया गया। बुधवार को युवा वाहिनी के सौजन्य से कराए गए नामाकरण समारोह में समाजसेवी बागेश्वर पांडेय व अन्य ग्रामिणों ने नारीयल फोड़ कर भगवान परशुराम चौक का नामाकरण किया। इसके पूर्व ग्रामिणों की राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से बेदानी मोड़ को भगवान परशुराम चौक के रूप में नामांकित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि बहुत जल्द ही भगवान परशुराम चौक पर भव्य स्मारक बनाया जाएगा। बैठक में 22 अप्रैल को डालटनगंज में भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। जन्मोत्सव शोभायात्रा में भाग लेने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाते हुए आमंत्रित करने की बात कही गई। मौके पर उपमुखिया प्रवीण पांडेय, आलोक पांडेय, अमीत पांडेय, दिनेश पांडेय, छोटू पांडेय, मुकेश पांडेय,संजीत पांडेय, उज्जवल पांडेय आदि मौजूद थे।

### आइजी, डीसी और एसपी ने किया दोनों का स्वागत, संतु पर था पांच लाख का इनाम

# भाकपा माओवादी के दो सबजोनल कमांडर संतु भुइंया व राजेश ने किया आत्मसमर्पण

**इनामी नक्सलियों को समर्पण कराकर पुलिस ने दिया बड़ा झटका**

### नक्सली संतु भुइयां के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज हैं 24 संगीन मामले

आजाद सिपाही संवाददाता


आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों का स्वागत करते आइजी, डीसी, एसपी व अन्य।

**पलामू/रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के दो सबजोनल कमांडर संतु भुइयां उर्फ संतोष भुइयां उर्फ धन्नजय भुइयां (32) और राजेश ठाकुर (35) ने बुधवार को पलामू पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। संतु भुइयां पर झारखंड सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित कर रखा था। संतु भुइयां बूढापहाड़ पर नक्सल गतिविधियों नें शामिल था, जबकि राजेश ठाकुर छकरबंधा इलाके में सक्रिय था। पलामू के जोनल आइजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त आंजेनयुलू दोड्डे, एसपी चंदन सिन्हा, गढ़वा एसपी अंजनी कुमार झा, सीआरपीएफ 134 बटालिएन के कमांडेंट सुदेश कुमार, सीआरपीएफ 172 बटालिएन के उपसमादेष्टा यूआर रामेश्वरम, सदर एसडीपीओ सदर ऋषभ गर्ग एवं विश्रामपुर के एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने दोनों नक्सलियों का फुल माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। पुलिस दोनों को आत्मसमर्पण करा कर बड़ी सफलता मान रही है। संतू भुइयां पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के करकटा गांव के सिअरभुक्का का, जबकि राजेश ठाकुर नावाबाजार थाना क्षेत्र के तुकबेरा का रहने वाला है। डीसी ने झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनार्वास नीति के तहत चेक प्रदान किया. इसके अलावा अन्य लाभ देने की घोषणा की। बतातें चलें कि संतु भुइयां के खिलाफ 24 मामले दर्ज हैं। इसमें 10 गढ़वा जिले के भंडरिया थाना में दर्ज है, जबकि 9 मामले नौडीहा बाजार थाना में दर्ज है। इसी तरह रंका, महुआडाड़, पाटन, पांकी, छतरपुर के नौडीहा ओपी में एक-एक मामले दर्ज हैं। वहीं, राजेश ठाकुर के खिलाफ आधा दर्जन मामले दर्ज हैं. छतरपुर में दो, नौडीहाबाजार में एक और मदनपुर में दो मामले दर्ज हैं। इस बाबत पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि दोनों के आत्मसमर्पण करने से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। आत्मसमर्पण करने के बाद दोनों ने अपने संगठन के बारे में पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। इस आधार पर पुलिस इलाके में सर्च अभियान चला रही है।

## जलापूर्ति के लिए बढ़ायें टैंकरों की संख्या : डीसी



**पेयजल समस्या को लेकर डीसी ने बीसीसीएल,टाटा सहित अन्य कंपनियों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गर्मी के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या के समाधान को लेकर डीसी सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में बीसीसीएल, टाटा स्टील, मैथन पावर लिमिटेड, ईसीएल, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, एसीसी सहित अन्य कंपनियों के साथ बैठक की। जिसमें गर्मी के दौरान आपसी समन्वय बनाकर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की। इस दौरान डीसी ने सभी कंपनियों से उनके क्षेत्र में आम लोगों को गर्मी के दौरान सुचारू जलापूर्ति किए जाने की समीक्षा की। जहां बीसीसीएल ने कहा कि वे गर्मी के दौरान अपने आसपास के क्षेत्रों में 49 ट्रक माउंटेड टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति करते हैं। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में लगे 208 हैंडपंप से लोगों को पानी मिलता है। डीसी ने बीसीसीएल को आम जनों के लिए टैंकर की अलग व्यवस्था रखने, किस क्षेत्र में आमजन के लिए कितने टैंकर चलेंगे, उसकी विस्तृत सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा सभी कंपनियों से विगत पांच वर्षों का सीएसआर एक्टिविटी रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा वित्तीय वर्ष 2023 -24 का सीएसआर एक्शन प्लान भी तैयार करने को कहा।

वहीं, एमपीएल प्रतिनिधि ने जानकारी देते हुए बताया कि वे आसपास के 21 गांव में तीन टैंकर से जलापूर्ति करते हैं। इसके अलावा कंपनी के 17 सोलर वॉटर टैंक कार्यरत है। जिससे लोगों को जलापूर्ति की जाती है। चार आरओ प्लांट भी लगाए गए हैं। वहीं, टाटा स्टील ने बताया कि वे आसपास के 42 गांव में फिल्टर वाटर सप्लाई करते हैं। 14 गांव में साल भर टैंकर से पानी की सप्लाई करते हैं। नियमित रूप से चापानल की मेंटेनेंस की जाती है। वहीं भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने के लिए छह स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग किया गया है। कंपनी के पास वर्तमान में 6 टैंकर है। एसीसी ने बताया कि विगत सात-आठ साल में उन्होंने 152 हैंडपंप लगाए हैं। साल भर उसकी मरम्मत और रखरखाव करते हैं। सभी हैंडपंप चालू स्थिति में है। राजा बस्ती में पानी की समस्या को देखते हुए उपायुक्त ने वहां टैंकर से पानी सप्लाई करने का अनुरोध किया। ईसीएल ने कहा कि माइंस क्वारी के पास फिल्टर प्लांट लगाए गए हैं। वहां से आस-पास के गांव में पानी आपूर्ति की जाती है। रामकनाली पंचायत में अत्यधिक समस्या होने के कारण वहां दो डीप बोरिंग बनाने की योजना है। हर्ल ने बताया कि 2019 से एफसीआई की पाइप लाइन से लोगों को पानी की सप्लाई की जाती है। इससे लगभग दो लाख की आबादी को पानी मिलता है। कंपनी की ओर से पाइपलाइन सहित सभी संसाधनों का नियमित रूप से रखरखाव किया जाता है। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह,उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह,जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, पीएचईडी एक के कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार,बीसीसीएल,टाटा स्टील, मैथन पावर लिमिटेड, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, एसीसी सहित अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## विधायक के प्रयास से 12 घंटे में बदला गया चिकटोली का विद्युत ट्रांसफार्मर

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** रमजान माह में हुसैनाबाद शहर के चिकटोली मुहल्ले का ट्रांसफार्मर जल गया था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह व 20 सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन को दी। विधायक के प्रयास से 12 घंटे के अंदर ही चिकटोली में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया। इससे लोगों में काफी खुशी है। बतातें चलें कि हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के माली मोहल्ला व चिकटोली का विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया था। जानकारी मिलने ही विधायक ने तत्काल फोन के माध्यम से अभियंताओं को प्रक्रिया पूरी कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक के प्रयास से सिर्फ 12 घंटे के अंदर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर मुहल्ले में पहुंच गया। इस पर धन्यवाद देते हुए मुहल्ले वासियों ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह जैसा निष्पक्ष नेतृत्व की हुसैनाबाद की जनता कायल है। चिकटोली निवासी रहमान राइन ने कहा कि तत्काल ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर उनके दिलों में जगह बना ली है। बुधवार को बिजली कर्मियों द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य पूरी किया गया। अब जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। मौके पर मिर्जा इस्लाम, नन्हे हुसैन, जीशान हसन, सहजादे हुसैन, समरुल हुसैन, मिंटू राईन, रहमान राइन, महताब हुसैन आदि मौजूद थे।

## सैदाबाद देवी मंदिर कमेटी का पुनर्गठन, सोनी देवी बनी अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शहर के दो नंबर वार्ड स्थित सैदाबाद गांव में अशोक प्रसाद गुप्ता के आवास के समीप बैठक कर देवी मंदिर जीर्णोद्धार कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उदय साव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण व चारदीवारी निमार्ण कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से मचन सिंह, राजगीर प्रसाद, श्रवण राम, गोविंद प्रसाद, करमु साव, अजय गुप्ता, सुदेश्वर राम, जगरनाथ प्रसाद, मुनि साव, बिंदु शर्मा, गोविंद साव, नंदू विश्वकर्मा को संरक्षक, वार्ड पार्षद सोनी देवी को अध्यक्ष, दिनेश कुमार गुप्ता को सचिव, रामलाल साव को उप सचिव, गीता देवी व दिलीप गुप्ता को उपाध्यक्ष, सूडो कुमार व सुनील गुप्ता को कोषाध्यक्ष, नंदन कुमार को मीडिया प्रभारी, अजित कुमार गुप्ता व सोनू गुप्ता को व्यवस्थापक, जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश सिंह, रामजी साव, कपिल शर्मा, कृष्णा साव, वीरेंद्र साव, भदई साव, भोला शर्मा, उपेंद्र शर्मा, राजेश्वरी साव, कुंडल साह, विजय मुन्ना, अशोक साव, पंकज शर्मा, चंदन कुमार, रवि कुमार गुप्ता, बबलू शर्मा, शशि गुप्ता, जिशु कुमार, छोटू शर्मा, अजय विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, सकेश विश्वकर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, रवि शंकर को बनाया गया। इस मौके पर सुषमा देवी, रंजू देवी, अनारो कुंवर, लक्ष्मी देवी, सावित्री देवी, रामपति देवी, कुसुम देवी, लालती देवी, बिगनी देवी और नीतू देवी आदि मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता के विरोध में किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के ढकचा मोड़ से नौडीहा बाजार प्रखंड के झलदाग तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता का विरोध करने पर संवेदक द्वारा पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह राजद के पलामू जिला प्रधान महासचिव राजेंद्र यादव को उठा लेने की धमिक दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसके विरोध में बुधवार को सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव के नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र के बघना गांव स्थित सड़क पर समस्त ग्रामीण जनता के बैनर तले संवेदक और सड़क निर्माण विभाग जेइ के विरुद्ध जम कर प्रदर्शन किया गया। राजेन्द्र यादव ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा मनमानी ढंग से कार्य किया जा रहे है। छह इंच की जगह चार इंच ही मात्र ढलाई की जा रही है जो नियम के विरुद्ध है। इसका विरोध करने पर मंगलवार को संवेदक द्वारा फोन पर उठा लेने की धमकी दी गई है। इस मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, भीष्म नारायण सिंह, अक्षय सिंह, सुरेश यादव, जनेश्वर यादव, जितु मुखिया, जितेंद्र कुमार, शत्रुधन साव, हंशराज यादव, मनोज पटेल, रविन्द्र यादव, अवधेश यादव, देव कुमार यादव, वकील सिंह सहित काफी संख्या में प्रदर्शन कर रहे थे।

### राजेंद्र यादव ने मांगे थे एक लाख रुपये

उधर, संवेदक सोहैल खान ने फोन पर बताया कि सलैया के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव द्वारा एक लाख रुपये की मांग की गई थी । इसी बात को लेकर उन्होंने बिते मंगलवार को काम बंद करा दिया और शाम को मुंशी जावेद अंसारी के साथ मारपीट की गई। इसी आवेश में आकर हमने थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा उठा लेने की धमकी दी है। हमने यह भी बोला है कि काम में अगर अनियमितता है तो विभाग को शिकायत करें। वहीं नौडीहा बाजार थाने में घटना की सूचना दी है पर जवाब मिला की वह क्षेत्र हरिहरगंज थाने में पड़ता है, वहां जाकर प्राथमिकी दर्ज कराएं।

## हाइवा के धक्के से युवक की मौत,एक अन्य घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के विजय तारा पेट्रोल पंप के समीप एनएच 98 पर बुधवार को हाईवा ट्रक के धक्के से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि इसकी हादसे में बाइक पर सवार दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के लंगुराहा गोसाईंडीह गांव निवासी जयप्रकाश यादव के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान छतरपुर के ही भरवाडीह गांव निवासी प्रवेश यादव के रूप में हुई है। मृतक और घायल युवक दोनों रिश्ते में साला-बहनोई बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक ही बाइक पर सवार होकर दोनों साल-बहनोई हरिहरगंज की ओर से छतरपुर लौट रहे थे। इस दौरान तेज गति से जा रहे हाइवा ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में जयप्रकाश यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रवेश यादव को सीएचसी में प्राथमिक उपचार कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। उधर, सूचना मिलने के बाद पीपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे और हाईवा जेएच 13 एफ- 4104 को जब्त करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है।

# स्पोर्ट्स



आरसीबी के गेंदबाद मोहम्मद सिराज को सज्जेबाज से फोन कर टीम की अंदर की जानकारी मांगी थी। बदले में मोटी रकम देने की भी पेशकश की थी। इसकी शिकायत सिराज ने बीसीसीआइ से की, जिसके बाद आरोपी गिरफ्तार हो गया है।

### हैदराबाद के ड्राइवर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले किया फोन, पैसों का दिया लालच, आरोपी गिरफ्तार

# सट्टेबाज ने मोहम्मद सिराज से मांगी थी टीम की जानकारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बीसीसीआइ से एक फोन कॉल की शिकायत की है। सिराज ने कहा कि एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किर टीम के अंदर की खबर मांगी थी। बीसीसीआइ और एंटी करप्शन यूनिट (एसीबी) इस मामले की जांच में जुट गई हैं। न्यूज एजेंसी को इस मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीअइ अधिकारी ने बताया कि सिराज को फोन करने वाला हैदराबाद का एक ड्राइवर है। वह सट्टेबाजी का आदी है। मैच में बहुत सारा पैसा सट्टेबाजी में हारने के बाद उसने यह कॉल किया था। यह व्यक्ति सिराज को पैसों का लालच भी दिया था। यह घटना ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे पर आने से ठीक पहले की है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इसी साल फरवरी और मार्च के महीने में भारत कौ दौरा किया था।

### फोन करने वाला गिरफ्तार

जांच एजेंसी के अधिकारियों ने सिराज को फोन करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि यह व्यक्ति मैचों में सट्टेबाजी में लाखों रुपए हार चुका है। टीम के साथ अउव का अधिकारी होता है। वह खिलाड़ियों की हर गतिविधि पर वो नजर रखता है। एसीयू अधिकारी खिलाड़ियों को क्या करें और क्या न करें, इसकी भी जानकारी देता है। अगर किसी खिलाड़ी से कोई अनजान व्यक्ति किसी भी माध्यम से संपर्क करता है तो खिलाड़ियों को तुरंत इसकी जानकारी अउव अधिकारियों को देनी होती है। यदि कोई प्लेयर जानकारी नहीं देता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होती है।

### क्रिकेट में मैच फिक्सिंग के कुछ बड़े मामले

**2000, हैंसी क्रोनिए:** क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े मैच फिक्सिंग में साल 2000 का मामला शामिल है। उस साल क्रिकेट मैच फिक्सिंग के सबसे बड़े घोटाले के मुख्य आरोपी बुकी संजीव चावला पर दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर हैंसी क्रोनिए के साथ मैच फिक्सिंग का आरोप लगा था। जिसके बाद क्रोनिए पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया था।

**1990, सलीम मलिक:** इसी तरह का एक मामला 90 के दशक का है। जब 1990 में पाकिस्तान में मैच फिक्सिंग को लेकर कोहराम मच गया था। उस विवाद में पाकिस्तानी क्रिकेटर सलीम मलिक पर आजीवन बैन लगा था।

**1994, शेन वॉर्न और मार्क वॉ:** साल 1994 में ऑस्ट्रेलिया के दो नामी क्रिकेटर्स शेन वॉर्न और मार्क वॉ भी मैच फिक्सिंग में फंसे थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रीलंका दौरे पर थी, तब इन दोनों खिलाड़ियों को भारतीय सट्टेबाज को जानकारी के बदले रिश्वत लेने का दोषी पाया गया था।

### 2013 में स्पॉट फिक्सिंग में लगा था श्रीसंत पर बैन

आइपीएल में स्पॉट फिक्सिंग का मामला पहले भी सामने आ चुका है। साल 2013 में राजस्थान रॉयल्स के तीन खिलाड़ियों एस श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजित चंदीला पर फिक्सिंग के आरोप लगे थे। जांच एजेंसी ने पाया था कि इस सीजन के तीन मैचों में स्पॉट फिक्सिंग हुई थी। इन तीनों के अलावा 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें कई बड़े लोगों का भी नाम सामने आया था। इसमें विंदु दारा सिंह भी शामिल थे। वहीं राजस्थान रॉयल्स के कोओनर राज कुंद्रा और चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े गुरुनाथ मय्यपन का भी नाम शामिल था। कमेटी ने साल 2015 में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स को 2 साल के लिए बैन कर दिया था। वहीं, फिक्सिंग में शामिल प्लेयर्स पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया था। वहीं साल 2019 में इउउक ने श्रीसंत से आजीवन बैन हटाकर 7 साल कर दिया। वहीं अन्य दोनों क्रिकेटरों पर से भी बाद में आजीवन प्रतिबंध हटा कर सजा को कम कर दिया गया।

## बोकारो विकास फोरम ने दिया मौन सांकेतिक धरना

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-4 शहीद चौक स्थित रास्ट्रीय पिता माह महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर बोकारो विकास फोरम की ओर से बुधवार को एक दिवसीय मौन सांकेतिक धरना दिया गया। फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं पूर्व राष्ट्रपति उनके ही पार्टी के चुने हुए राज्यपाल सत्यपाल मल्लिक ने इन तीनों के ऊपर देश एवं सेना की सुरक्षा पर गंभीर आरोप लगाया है जिस कारण पूरे विश्व में भारत की बदनामी हो रही है। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मल्लिक ने कहा कि पुलवामा हमला भारत सरकार की सोची समझी साजिश है, जिस कारण इतनी बड़ी घटना हुई। इसमें देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। यह केंद्र सरकार की लापरवाही है। इस घटना की नाकामियों को छिपाते हुए केंद्र सरकार जवानों के श्रद्धांजलि कार्यकर्मो को तमाशा बना दिया है। मौके दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

## हाइकोर्ट के डर से हरकत में आया नगर निगम स्वीपिंग मशीन से की सड़क की साफ-सफाई



**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल राजापुर परियोजना से निकलने वाली कोयला लदे वाहनों के कारण भगतडीह मोड़ से लेकर शिमलाबहाल पुल तक कोयले के धूल से राहगीरों-स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। दिन-रात यहां कोयला ढुलाई में लगे हाइवा व ट्रकों की बेतहाशा वृद्धि और वाहनों के चलने से उड़ रहे धुलकण से लोगों को घर में रहना मुश्किल हो गया है। सड़क से लेकर घर के कमरे तक में धूल की मोटी परत जमा रहती है। इस संबध में लगातार धनबाद नगर निगम एवं बीसीसीएल प्रबंधन को अवगत कराया जा रहा है। पर दोनों विभागों में से किसी भी विभाग ने सड़कों की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया। इन विभागों से हार मानने के बाद प्रदूषण के खिलाफ हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने वाले रणजीत सिंह से मिलकर भाजपा नेता अखिलेश सिंह ने इस समस्या पर नगर निगम एवं बीसीसीएल को पत्रकार किया। जिसमें स्पष्ट कहा गया कि अगर सफाई नहीं कराएंगे तो अगली सुनवाई पर इस विषय से हाईकोर्ट को आवगत कराया जाएगा। इसके बाद छह महीने बाद बुधवार से रोड स्वीपिंग मशीन झरिया मुख्य सड़क की पर सफाई करने पहुंची। जिसको देख लोगों ने थोड़ी राहत ली।

## संस्कार ज्ञानपीठ विद्यालय में लगाया गया खसरा रुबेला टीकाकरण शिविर



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** खसरा एंव रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत पीयूष विहार स्थित संस्कार ज्ञानपीठ विधालय में बुधवार को टीकाकरण शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ विधालय के निर्देशक डॉ मुकेश कुमार राय एवं सिस्टर सुजाता ने संयुक्त रूप से किया। अभियान के तहत विधालय में अध्ययनरत 458 बच्चों को खसरा एंव रूबेला का टीका लगाया गया। इस मौके पर बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा मनीष कुमार एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अरविंद सिंह मौजूद थे। टीकाकरण टीम में सिस्टर सुजाता कुमारी, मुक्ति लता किडो, सहिया चमेली देवी, अनुराधा देवी उपस्थित थी।

## बीएसएल के टेक्निकल सेल विभाग में कार्यशाला आयोजित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र के टेक्निकल सेल विभाग में मिशन-2 टन ग्रीन हाउस गैस एमिशन प्रति टन क्रूड स्टील विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल सेल) अजय कुमार सहित टेक्निकल सेल विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अजय कुमार ने भविष्य में आने वाले सभी परियोजनाओं के टेक्निकल स्पेसिफिकेशन में पर्यावरण संबंधित दिशा-निर्देशों का समावेश करने एवं संयंत्र की ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का सुझाव दिया। आरंभ में वरीय प्रबंधक (टेक्निकल सेल) राम जी लाल मीणा ने प्रतिभागियों को एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वैश्विक एवं राष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन एवं ग्रीन हाउस गैस एमिशन से संबंधित विभिन्न मापदंडों एवं इस्पात उत्पादन के संदर्भ में भारत सरकार और सेल की ओर से लिए जा रहे सभी नए योजनाओं एवं गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में वर्त्तमान पैरामीटर एवं मानक आकड़ो और विश्व स्तर पर टॉप-5 इस्पात उत्पादन कंपनियों द्वारा ग्रीन हाउस गैस एमिशन से सम्बंधित वर्त्तमान में हासिल एवं प्रस्तावित लक्ष्यों पर चर्चा की गई। इस दौरान चाइनीज एवं भारतीय इकाइयों द्वारा ग्रीन हाउस गैस एमिशन के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और सेल द्वारा ग्रीन हाउस गैस एमिशन को लेकर प्रस्तावित लक्ष्यों एवं उनकी प्राप्ति के लिए सुझाये गए योजनाओं से सभी को अवगत कराया गया। ग्रीनहाउस गैस एमिशन से संबंधित क्विज कम्पीटीशन का आयोजन भी किया गया तथा विजेताओं को श्री अजय कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार ने किया।

## आपस में भिड़ी तेज रफ्तार दो बाइक, एक गंभीर

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद मोड़ पर बुधवार को तेज रफ्तार दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे तुरंत बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया। जानकारी के मुताबिक घायल युवक अपने साथी के साथ कतरास से आ रहा था. तभी विपरित दिशा से आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गयी। वहीं, युवक घायल हो गया। वहीं, बाइक पर बैठा उसका साथी घायल युवक को वहीं, छोड़कर फरार हो गया। वहीं, दूसरा बाइक चालक भी मौके से फरार हो गया। इसकी सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने ले गई। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।

## रांची में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में भाजयुमो ने फूंका सरकार का पुतला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों रांची में झारखंड के छात्रों पर पुलिस द्वारा की गई लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को भाजयुमो धनबाद महानगर के जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। इससे पूर्व भाजपा जिला कार्यालय से जुलूस लेकर डांगी मोड़ तक गए और पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि भाजपा झारखंड के छात्र-छात्राओं पर हुए बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज की घोर निंदा करती है। इस सरकार में अपने हक के लिए आवाज उठाना अपराध हो गया है। छात्र मुख्यमंत्री से अपना हक मांगने जाते हैं तो उन्हें दबाया जाता है। वहीं, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा राज्य के युवाओं के प्रति संवेदनशीलता है। अगर युवाओं के साथ कुछ गलत होता है तो उसे बर्दाश्त नहीं करेंगें। इस मौके पर नितिन भट्ट, मानस प्रसून, संजय झा, प्रियंका रंजन, तमाल राय, जयंत सिंह चौधरी, रवि मिश्रा, सुमित प्रमाणिक, नित्यानंद मंडल और राजीव राय आदि शामिल थे।

### बीसीसीएल की राजापुर परियोजना में अपराधियों ने बोला धावा

# कर्मियों को बंधक बना कर लूटपाट

**लूटे गये सामानों की सूचना बनाकर शिकायत की तैयारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



इसी परियोजना में लूटरों ने दिया घटना को अंजाम।



अपराधियों द्वारा तोड़े गए ताले।

**धनसार।** बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर परियोजना सब स्टेशन गोदाम में मंगलवार की देर रात नकाबपोश अपराधियों ने अचानक धावा बोल दिया। सुरक्षा कर्मियों को बंधक बना वहां से करीब 70 हजार रुपये की संपत्ति लूट कर फरार हो गए। अपराधियों का दल सबसे पहले सब स्टेशन गोदाम पहुंचे। मुख्य गेट पर लगे ताला को काटकर अंदर प्रवेश किया। सब स्टेशन के अंदर रखे बक्सा, अलमीरा पर लगे करीब आधा दर्जन तालों को तोड़ा। उधर, घटना की भनक जब सुरक्षा में तैनात बीसीसीएल के आंतरिक सुरक्षा कर्मियों पवन राम, सूरज देशवाली व मनीष कुमार को लगी तो वह सभी तुरंत सब स्टेशन के अंदर जायजा लेने पहुंच गए। पर अपराधियों ने उन्हें दबोच लिया और हथियार का भय दिखाकर बंधक बना लिया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर शोर मचाने का प्रयास किया तो जान से मार देंगें। लगे हाथ सुरक्षाकर्मियों के मोबाइल फोन भी छीन लिये। इसके बाद करीब एक घंटे तक सब स्टेशन में लूटपाट कर अपराधियों का दल आराम से चला गया। वापस जाने के क्रम में लुटेरों ने सुरक्षाकर्मियों का मोबाइल वापस कर दिया। उधर, घटना की सूचना पाकर प्रबंधक अनिल कुमार के नेतृत्व में अधिकारी पहुंचे और लूटे गए सामानों की सूची बनाने में जुट गए। प्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि सूची बनने के बाद ही लूटे गए संपत्ति का सटीक आंकलन किया जा सकेगा। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई जाएगी। घटना के बाद से परियोजना में कार्यरत कर्मियों में भय का माहौल है। इससे पूर्व भी कई बार अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है।

# धनबाद कोयलांचल में छात्र संगठनों के बंद का दिखा मिला जुला असर

### सड़क पर टायर जलाकर किया प्रदर्शन, कहा-बाहरी लोगों को नौकरी नहीं बेचने देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** 60/40 नियोजन नीति वापस लेने और खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने की मांग को लेकर विभिन्न छात्र और मुलवासी संगठनों की ओर से पूर्व घोषित झारखंड बंद का बुधवार को धनबाद में मिला जुला असर दिखा। 60/40 नाय चलतो नारे के साथ बंद समर्थक सुबह से ही बंद को सफल बनाने के लिए सड़क पर उतर गए थे। छात्रों ने सड़क जाम किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं बंद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। आवश्यक सेवाओं को बंद से छूट दिया गया था। सड़कों पर इक्का दुक्का ही वाहन चले। चौक चौरो सुनसान दिखे। हालांकि अधिकतर दुकान बंद रही। वहीं धनबाद के गया पुल के समीप प्रदर्शन और सड़क जाम कर रहे एक दर्जन छात्र नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया, जिन्हे देर शाम छोड़ भी दिया गया। छात्र नेताओं ने कहा कि स्थानीय नियोजन नीति 60/40 के विरोध में झारखंड बंद का समर्थन किया है। सरकार की गलत नीति के कारण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। छात्र कोई भी मजहब या जाति का हो, जिसके हाथ में खतीयान है वही स्थानीय है। उन्होंने बताया कि झारखंड बंद को असरदार बनाने के लिए वे लोग आंदोलन करेंगे।

वहीं, **तेतुलमारी** स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो चौक पर नारेबाजी की गई। सरकार को साफ शब्दों में संदेश दिया गया कि किसी भी कीमत पर बाहरी को नौकरी बेचने नहीं देंगे। झारखंड झारखंडी युवाओं के लिए है। झारखंड में खतियान के आधार पर नियोजन देना होगा। छात्र नेता अजीत महतो ने कहा कि बिना खतियान के रोजगार झारखंड में बर्दाश्त नहीं करेंगे। दुकानदारों और ऑटो संचालकों ने आने वाली पीढ़ी के भविष्य को देखते हुए लिए स्वेच्छा से झारखंड बंद में अपना सहयोग दिया। अजित महतो के साथ पंकज कुमार, टुनटुन, रंजीत, हरीश, विनेश, राजा, प्रकाश, सौरश, मोहित, किसन, भोला, नरेश, मिथुन, रोहित, कुश, मनोज, मुकेश साथ में सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

# नियोजन नीति को लेकर चतरोचट्टी में बंद असरदार

**चतरोचट्टी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन के आह्वान पर झारखंड सरकार के 60-40 के स्थानीय नीति लागू करने के विरोध में चतरोचट्टी में आहूत बंद का असर देखने को मिला। मुखिया महादेव महतो के नेतृत्व में एक दिवसीय बंदी का समर्थन किया गया था। झारखंडी आदिवासी मूलवासी मोर्चा एवं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के नेतृत्व में आहूत बंद को सफल बनाया गया। लगे हाथ सरकार को चेतावनी दी गई कि झारखंड में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति को अविलंब लागू करें। यह वर्तमान वैकल्पिक 60-40 नीति को रद्द किया जाए। बुधवार को सैकड़ों बंद समर्थक चतरोचट्टी थाना अंतर्गत चतरोचट्टी चौक पहुंचे और सुबह सात बजे से मेन रोड जाम कर दिया। बंदी का नेतृत्व खतियान आंदोलनकारी, झारखंड आदिवासी मूलवासी मोर्चा एवं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के कामेश्वर महतो, कामदेव कुमार महतो, मुकेश महतो, ब्रह्मदेव महतो, दामोदर महतो, नागेश्वर महतो, देवनारायण महतो, दिनेश कुमार महतो, राहुल कुमार, विनोद कुमार, निर्मल महतो, तेजो महतो, विकास महतो, प्रेम महतो, उतम केसरी आदि मौजूद थे।

### केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालय पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

# विपक्ष को समाप्त करने की केंद्र सरकार की मंशा कांग्रेस नहीं होने देगी पूरी: संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




केंद्र सरकार के खिलाफ धनबाद डीसी मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**धनबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला मुख्यालय समाहरणालय में बुधवार को प्रदर्शन किया गया। इस दौरान डीसी कार्यालय की घेराबंदी भी की गई। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार को सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस की ओर से केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। पूरे देश में कांग्रेस केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रही है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्ष को पूरी तरह खत्म करने की मंशा से काम कर रही है। जिसे कांग्रेसी कभी पूरा नहीं होने देंगें। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार विपक्ष नेताओं के पीछे षड्यंत्र केतहत सीबीआई और ईडी को लगाकर परेशान कर रही है। ताकि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कोई आवाज ना उठा सके।

## महापुरुषों की जीवनी से हमें लेनी चाहिए सीख : नागेंद्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा के बाद महात्मा हंसराज जी के जन्म दिवस पर विद्यालय के प्रभारी नागेंद्र प्रसाद, एस प्रताप अखिलेश कुमार, प्रशांत कुमार व बाल शेखर झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रभारी नागेंद्र प्रसाद ने हंसराज जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए । महात्मा हंसराज आर्य समाज के संस्थापक भी थे। वे स्वामी दयानंद के अनुयाई थे। उन्होंने डीएवी स्कूलों की स्थापना की। महात्मा हंसराज जी डीएवी संस्थान के प्रथम प्रिंसिपल थे। वे दयानंद एंग्लो वैदिक लाहौर के प्रथम प्रधानाचार्य पद को सुशोभित किए। हंसराज जी आर्य प्रादेशिक सभा के अध्यक्ष भी थे। उन्होंने 25 वर्षों तक डीएवी कॉलेज लाहौर में अवैतनिक प्राचार्य के रूप में कार्य किया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्ध थे। इमानदारी ,कर्मठता उनकी विशेषता थी। महात्मा दया नंद सरस्वती के विचारों से काफी प्रभावित थे। प्रभारी नागेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों की जीवनी से हमें सीख लेनी चाहिए । इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक बाल शेखर झा एवं धर्म शिक्षक आरएस यादव ने महात्मा हंसराज जी पर व्याख्यान दिया।

## कार्यालय नगरपंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**(द्वितीय इच्छा की अभिव्यक्ति–01/2022–23**

नगर पंचायत, डोमचाँच अन्तर्गत साफ–सफाई हेतु मजदूर, वाहन चालक, सफाई पर्यवेक्षक, मल्टी टास्कींग स्टाफ एंव सफाई कार्य में प्रयुक्त सफाई संयत्र सहित को न्यूनतम दर पर आपूर्ति करने हेतु इच्छुक सर्विस प्रोवाईडर/फर्म से बन्द लिफाफे में दिनांक–29.04.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत दर आमंत्रित की जाती हैं जिसे उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे खोला जायेगा।

| क्र0सं0 | पद कानाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सफाई कर्मी | 20 |
| 2 | वाहन चालक | 07 |
| 3 | सफाई पर्यवेक्षक | 02 |
| 4 | मल्टी टास्कींग स्टाफ | 02 |

नियम एंव शर्त नगर पंचायत, डोमचाँच के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR 295448 (Urban Development) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना (12th Call)
जिसका **PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion)** 2021–22 है।
**Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 18-04-2023**

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 2A | 2A (i) | Chanho | 828.03 | 8.29 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 19-04-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 25-04-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 26-04-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 27-04-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 8 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR 295482 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## e- Procurement Cell
## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT JHARKHAND, RANCHI

**Notice Inviting Tender**
**(Very Short Notice)** ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
Tender Reference No.-**(04)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ,DIV/2023-24**
**Date:-18-04-2023**

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | **Construction Of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Centre,Chainpur,Palamu,Jharkhand.** | रू0 **72,34,600.00** | 09 महीने |
| 2. | **Construction Of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Centre,Hussainabad,Palamu,Jharkhand** | रू0 **72,34,600.00** | 09 महीने |
| 3. | **Extension of Additional Central Library Near Sahitya Samaj Chowk at Medininagar,Palamu.** | रू0 **69,35,400.00** | 06 महीने |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25-04-2023 | |
| 2 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 02-05-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 3 | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 03-05-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 03.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| 5 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालयभवन अंचल सं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| 6 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431105183/8987663716 | |
| 7 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

- इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

Nodal Officer,
e- Procurement Cell
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,
CIRCLE NO-2, RANCHI
COMBINED OFFICE BUILDING,
BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT

PR 295522 (Building Dept Circle - 2)23-24*D

ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय 21 और 22 अप्रैल को भारत के पारंपरिक खेल महोत्सव का आयोजन करेगा

# पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन होगा





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय इस महीने की 21 और 22 तारीख को क्रीड़ा भारती के सहयोग से भारतीय पारंपारिक क्रीड़ा महोत्सव आयोजित करने जा रहा है। यह विश्वविद्यालय पहली बार इस तरह के आयोजन का आयोजन कर रही है। दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत के विभिन्न पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया जायेगा। इस आयोजन का उद्देश्य दो गुना हैः भारत के पारंपरिक खेलों के बारे में जागरूकता पैदा करना, जो आधुनिक दिनों में लोकप्रियता खो रहे हैं, और, उन्हें गुमनामी से बचाने के लिए। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति प्रोफेसर पी.वी. कृष्ण भट्ट सम्मानित अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। भारत की समृद्ध संस्कृति और इतिहास हमेशा खेल और क्रीडा में गहराई से निहित रहा है। दुर्भाग्य से, आज के युवा खो खो, पलांगुजी, लिप्पा, कबड्डी और गिल्ली डंडा जैसे पारंपरिक खेलों को भूल गये हैं क्योंकि वे वीडियो गेम खेलने में बहुत तल्लीन हैं। वे दिन जब बच्चे उत्सुकता से कुछ पारंपरिक खेल खेलने के लिए बाहर जाते हैं, इन दिनों दिखाई नहीं देते हैं। शारीरिक व्यायाम में कमी ने बच्चों में कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दिया है। इसलिए पुराने खेल को वापस लाने से स्वास्थ्य पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। पूरे भारत के विभिन्न समूह इस आयोजन के दौरान पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन करेंगे। पारंपरिक कार्यक्रम का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न राज्यों से आठ टीमों के विश्वविद्यालय पहुंचने की उम्मीद है। इन आठ समूहों में से ओड़िशा के विभिन्न हिस्सों से पांच समूह, पश्चिम बंगाल से दो समूह और असम से एक समूह प्रतियोगिता में भाग लेंगे और पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन करेंगे। प्रस्तावित खेलों में ओडिशा का खेल योग, तीरंदाजी प्रदर्शन, कबड्डी, खो-खो, मलखंब और रूप मलखंब, असम के गतका, कलारीपयट्टू, थांग-ता और आत्या पाटिया (डेमो), गिल्ली डांडा (डेमो) और सूर्य नमस्कार (डेमो) शामिल हैं।

### छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे

**इसके अलावा, छऊ नृत्य (ओड़िशा), रायबेंस नृत्य (पश्चिम बंगाल) और पाइक युद्ध कौशल (ओडिशा) और भारतीय युद्ध कौशल (पश्चिम बंगाल), योगासन और सूर्य नमस्कार (ओड़िशा) भी करेंगे। विश्वविद्यालय के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर स्वर्णिम गुजरात खेल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर जतिन सोनी और खेल भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी, राष्ट्रीय सचिव राज चौधरी, संयुक्त सचिव मधुमय नाथ और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।**

## टाटा स्टील मेरामंडली और अंगुल एनर्जी ने राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया

**भुवनेश्वर/नरेंद्रपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) और इसकी सहायक कंपनियों में से एक अंगुल एनर्जी लिमिटेड (एइएल) ने मॉक ड्रिल और अग्नि सुरक्षा पर विभिन्न गतिविधियों के साथ राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया गया। एइएल ने जिला क्राइसिस समूह, अंगुल की उपस्थिति में नरेंद्रपुर में टीएसएम के परिसर में स्थित अपने संयंत्र में आग का अनुकरण करते हुए एक पूर्ण पैमाने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। अर्चना दास फैक्ट्रीज एंड बॉयलर्स अंगुल जोन की सहायक निदेशक और स्थानीय उद्योगों और सरकारी अधिकारियों के प्रतिनिधियों ने ड्रिल में भाग लिया, जिसका उद्देश्य आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं का मूल्यांकन और सुधार करना था। इस मकड्रील के अवसर पर शैलेश वर्मा प्रबंध निदेशक एइएल, अगम कुमार चीफ सेफ्टी टीएसएम और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित थे। इसके साथ एनटीपीसी कनिहा, आर्यन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, स्मेल्टर प्लांट, नालको स्मेल्टर प्लांट, ग्लोबल कोल एंड माइनिंग लिमिटेड, जेएसपीएल, जेसीसीपीएल और जेआइटीपीएल के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी, संसद में लाया जायेगा सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कई अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान नेशनल क्वांटम मिशन को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेशनल क्वांटम मिशन के लिए मंजूरी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने दी है। इसके लिए 6,003 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। 2023-24 से 2030-31 तक का इसकी समयसीमा है। इस दौरान सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 पर भी बड़ा फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि फिल्म जगत, कलाकारों और प्रशंसकों से जुड़ा हुआ निर्णय लिया गया है। बहुत समय से मांग थी कि पायरेसी पर कुछ किया जाए। आज कैबिनेट ने अनुमति दी है कि संसद के आने वाले सेशन में सिनेमेटोग्राफ एक्ट 2023 लाया जायेगा।



**क्या है राष्ट्रीय क्वांटम मिशन? :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई क्रांतिकारी कार्य किए हैं। यह मिशन इस दिशा में एक बड़ा कदम है। आज भारत सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सबसे बड़े पक्षकारों में शामिल है, जहां क्वांटम से जुड़ी सूचनाओं का संवर्द्धन महत्वपूर्ण होता है। इस मिशन के तहत सूचनाओं का संवर्द्धन तेज होगा और इन्हें अधिक विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। इस कदम से भारत छह देशों की साथ खड़ा हो गया है, जिनके पास इस तरह की क्षमता है। इन देशों में अमेरिका, कनाड़ा, फ्रांस, आस्ट्रिया, फिनलैंड और चीन शामिल हैं।

## आइआइटी भुवनेश्वर में 55वीं आइआइटी परिषद की बैठक का सफल आयोजन

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की काउंसिल की 55वीं बैठक दिनांक 18 अप्रैल, 2023 को माननीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में आइआइटी भुवनेश्वर में आयोजित की गई। इस अवसर पर आइआइटी काउंसिल के समस्त 23 आइआइटी के निदेशक और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्षों सहित आगंतुक नामांकित अतिथि ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, खुले में जलते मिले डॉक्यूमेंट्स: जांच एजेंसियों को सबूत मिटाने का शक, सीबीआइ ने कलेक्ट किये सैंपल

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल के चर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआइ और इडी जांच कर रही है। इस बीच 24 परगना जिले के भांगर इलाके में कुछ जले हुए डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। जांच एजेंसियों को शक है कि कुछ अज्ञात लोगों ने घोटाले से जुड़े सबूत मिटाने की कोशिश की है। उइक ने जले हुए डॉक्यूमेंट्स के सैंपल कलेक्ट कर जांच के लिए भेज दिए हैं। उइकके अधिकारियों ने बताया कि, हमें अपने सूत्रों से जानकारी मिली थी। मौके से कुछ अधजले कागजात बरामद किए गए हैं। दस्तावेज किससे जुड़े हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया। इसका वैरिफिकेशन होना बाकी है। सीबीआइ के एक सीनियर अफसर का दावा है कि ये कागजात पड़ोसी जिले बिहार के कई क्षेत्रों में खनन व्यवसायों से संबंधित हो सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कुछ दस्तावेज पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले से संबंधित हैं? अधिकारी ने कहा, 'ऐसा तो नहीं लगता। हमें और जांच करने की आवश्यकता है। सीबीआइ के एक सूत्र ने कहा कि कोयला तस्करी के मामलों को देख रहे वरिष्ठ अधिकारी उमेश कुमार बरामद अधजले कागजात की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम यह भी पता लगा रहे हैं कि इसके पीछे कौन है और ये दस्तावेज यहां कैसे लाए गए।' बता दें उइकने उस जमीन के मालिक से भी बात की है, जहां दस्तावेज जले मिले थे।

## अतीक-अशरफ हत्याकांड में पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड, तीनों शूटर्स को 4 दिन की पुलिस रिमांड

**प्रयागराज (आजाद सिपाही)।** अतीक-अशरफ हत्याकांड के तीन दिन बाद बुधवार को प्रयागराज के शाहगंज थाना के 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया। रक्ळ की पूछताछ के बाद पुलिस विभाग ने ये ऐक्शन लिया है। जिन पर यह कार्रवाई की गई है, उनमें एसओ अश्वनी कुमार सिंह के अलावा दो सब इंस्पेक्टर और दो कॉन्स्टेबल शामिल हैं। उधर, तीनों आरोपी शूटर्स लवलेश, सनी और अरुण को प्रयागराज के उखट कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इनको 4 दिन की पुलिस रिमांड पर दे दिया। हालांकि पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी। उखट कोर्ट नंबर 10 में जज दिनेश कुमार गौतम ने रिमांड पर फैसला सुनाया। पुलिस लाइन में उपायुक्त क्राइम सतीश चंद्र, एसीपी सत्येंद्र तिवारी और इंस्पेक्टर ओम प्रकाश तीनों शूटर्स से पूछताछ कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि पुलिस ने इनके लिए 100 सवाल तैयार किये हैं। पुलिस को इन आरोपियों के मोबाइल की भी तलाश है। मोबाइल की जांच कर यह पता करने की कोशिश की जाएगी कि आखिरी वक्त में ये किन लोगों के संपर्क में थे। उधर, बुधवार को प्रयागराज पुलिस ने अतीक गैंग के शूटर असाद कालिया को भी गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 50 हजार का इनाम था। असाद कालिया को अतीक गैंग का फाइनेंसर बताया जाता है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है। असाद कालिया पर साल 2019 में 1 करोड़ की रंगदारी मांगने के आरोप लगे थे।

# ओड़िशा में दो बच्चों की कुत्तों से शादी करायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्नर।** ओडिशा के बालासोर में बुरी आत्माओं को दूर करने के लिए दो नाबालिग बच्चों की शादी कुत्तों से कराई गई। 11 साल के तपन सिंह की शादी की शादी फीमेल डॉग से और 7 साल की लक्ष्मी की शादी मेल डॉग से करायी गई। इसके पीछे लोगों का मानना है कि ऐसा करने से बुरी आत्माएं दूर होती हैं। दोनों बच्चे बंधसाही गांव के हो ट्राइबल हैं। दोनों बच्चों के दांत आने शुरू हुए तो पहले ऊपरी जबड़े में दांत आए। इसके बाद ही उनके परिवार ने कुत्तों की तलाश शुरू कर दी क्योंकि उनकी मान्यता थी कि पहला दांत ऊपरी जबड़े में आना अपशकुन होता है। जैसे ही उन्हें मेल और फीमेल कुत्ते मिले, उन्होंने दोनों बच्चों की उनसे शादी करा दी।



### पूरे समुदाय को खिलाया खाना

**गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि कम्युनिटी की परंपराओं के मुताबिक, दोनों शादियों की रस्में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूरी हुईं। इसके बाद पूरी कम्युनिटी के लिए भोज का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि समुदाय की मान्यता है कि अगर कोई अपशकुन है तो वह शादी होते ही कुत्तों पर ट्रांसफर हो जायेगा। हालांकि इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, यह सिर्फ एक अंधविश्वास है जो बुजूर्गों से नयी पीढ़ी को ट्रांसफर किया गया है।**































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**